

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 27 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 07 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## अटैक हेलीकॉप्टर 'रुद्र' ने दिखाया अपना रौद्र रूप, कैसे रॉकेट से टारगेट को किया तबाह

नई दिल्ली. भारतीय सेना के स्पीयरकॉर्प्स योद्धाओं ने पहले स्वदेशी हमलावर हेलीकॉप्टर 'रुद्र' से नई पीढ़ी के रॉकेट दागे हैं. इसके अलावा सेना के इस स्वदेशी हेलीकॉप्टर से गोला बारूद दागने का भी सफल परीक्षण किया गया. एचएएल रुद्र, एचएएल ध्रुव का एक सशस्त्र संस्करण है. रुद्र आधुनिक इन्फ्रारेड, थर्मल इमेजिंग इंटरफेस, 20 मिमी बुर्ज बंदूक, 70 मिमी रा-केट पॉड, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से सुसज्जित है.

सेना के मुताबिक स्वदेशी हमलावर हेलीकॉप्टर 'रुद्र' ने पहाड़ों में हमले की क्षमता, प्रभाव और घातकता बढ़ा दी है. कोर कमांडर ने एविएटर्स को उनकी व्यावसायिकता और परिचालन तैयारियों के लिए बधाई दी. दरअसल, इस नए बदलाव के साथ भारतीय सेना की एविएशन यूनिट ने एक ध्रुव हेलीकॉप्टर का कॉम्बेट वर्जन तैयार किया है. इसके जरिए नेक्स्ट जेनरेशन रॉकेट और गोला-बारूद प्रणाली का परीक्षण किया गया.

## इसमें फूल नहीं है... प्रियंका गांधी को मिला खाली गुलदस्ता, तो झेंप गए कांग्रेस नेता

इंदौर. मध्य प्रदेश के इंदौर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनावी रैली के दौरान एक मजेदार वाकया देखने को मिला. उनके स्वागत के दौरान कांग्रेस पार्टी के ही एक स्थानीय नेता ने गलती से उनको फूलों से खाली एक




गुलदस्ता भेंट कर दिया, देख कर प्रियंका भी अपनी मुस्कान को रोक नहीं सकीं. इसे जुमले की तरह इस्तेमाल करते हुए, राज्य सरकार पर निशाना साधा.

इस वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है. चश्मदीदों के मुताबिक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए इंदौर-5 विधानसभा क्षेत्र में पहुंचीं प्रियंका का जब मंच पर स्वागत किया जा रहा था, तब



एक स्थानीय कांग्रेस नेता ने उन्हें खाली गुलदस्ता भेंट कर दिया. इस गुलदस्ते में चंद पत्तियां ही थीं और इसके फूल कहीं गिर गए थे.

चश्मदीदों ने बताया कि जब प्रियंका की नजर खाली गुलदस्ते पर पड़ी, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कांग्रेस नेता से कहा कि इसमें फूल नहीं हैं. इस पर कांग्रेस नेता भी झेंप गए. बाद में चुनावी सभा में अपने संबोधन के दौरान प्रियंका ने इस दिलचस्प वाकये का न केवल खुद जिक्र किया, बल्कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधने के लिए "खाली गुलदस्ते" के जुमले का इस्तेमाल भी किया.

कांग्रेस महासचिव ने हंसते हुए कहा, ह्यअभी जब मैं मंच पर आई थी, तब आपने देखा होगा कि किसी व्यक्ति ने मुझे एक गुलदस्ता पकड़ाया. उस गुलदस्ते में फूल ही नहीं थे और वह खाली था. वे (भाजपा नेता) चुनाव आने पर धर्म, जाति और घोषणाओं का इसी तरह का गुलदस्ता बनाकर आपको (मतदाताओं) बार-बार दे रहे हैं.'

## इजरायल-हमास की जंग को लेकर पीएम मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच चर्चा

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से सोमवार को इजरायल-हमास जंग को लेकर फोन पर चर्चा की. उन्होंने पश्चिम एशिया के कठिन हालातों, जंग के कारण पैदा हुई स्थिति पर बात की. इसको लेकर पीएम मोदी ने सोशल साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस बारे में जानका-री दी है. उन्होंने बताया कि इस चर्चा में आतंकवाद, आतंकी घटनाएं, हिंसा और नागरिकों की मौतों पर चिंता जताई गई. दोनों



नेताओं ने इजरायल- हमास की जंग से बढ़े तनाव को रोकने, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करने और शांति-स्थिरता की शीघ्र बहाली को महत्वपूर्ण बताया है.

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशाल जनसभा 7 नवंबर को बेगमगंज में

रायसेन। किसान मजदूर वर्ग के हितेषी अंतिम छोर तक के व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए रात दिन एक करने वाले भांजियों के मामा और लाडली बहनों के लाडले भाई, मध्य प्रदेश शासन के लोकप्रिय मुख्यमंत्री, जन जन के नेता, शिवराज सिंह चौहान 7 नवंबर मंगलवार शाम 6 बजे रानी अवंती बाई लोधी बस स्टैंड परिसर में भाजपा प्रत्याशी ठाकुर रामपाल



सिंह के पक्ष में एक विशाल आम सभा को संबोधित करने पधार रहे हैं।

नगर मंडल, ग्रामीण मंडल, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, सहित नगर पालिका एवं जनपद पंचायत के जन प्रतिनिधियों सहित समस्त भाजपा कार्यकताओं ने आमजन से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## पंजाब में भगवंत मान सरकार ने दिवाली पर प्रदेश के व्यापारियों को दिया तोहफा

### दिल्ली सरकार से आगे निकल रही आप की मान सरकार

अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण /चण्डीगढ़ नवम्बर: पंजाब में भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब कैबिनेट की अहम बैठक की गई। कैबिनेट की इस बैठक में दिवाली से पहले 3 बड़े फैसले लिए गए हैं। एक फैसले में पंजाब सरकार ने राज्य के व्यापारियों को दिवाली का तोहफा दिया है। दरअसल, व्यापारियों के लंबित वैट के मुद्दे को हल करने के लिए ओटीएस योजना को मंजूरी दे दी गई है। ऐसा होने से पंजाब के करीब 60,000 व्यापारियों को फायदा पहुंचेगा। उन्हें लंबे समय से आ रही परेशानियां दूर हो जाएंगी। पंजाब सरकार ने इस फैसले से अवगत से कराते हुए कहा कि हम पंजाब में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पंजाब में शुरू होगी 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना'

पंजाब कैबिनेट की इस बैठक में 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' शुरू करने जैसा भी एक बड़ा फैसला लिया गया है। 'मुख्यमंत्री



तीर्थयात्रा योजना' के तहत पंजाब के बुजुर्गों को सरकार देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर मुफ्त ले जाएगी। तीर्थयात्रा योजना के लिए विशेष ट्रेनें और बसें चलाई जाएंगी। जानकारी दी गई है कि, पंजाब में 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' की शुरूआत 27 नवंबर को श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर कर दी जाएगी। इसके लिए 40 करोड़ का खर्चा रखा गया है। मालूम रहे कि, 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' को सबसे पहले दिल्ली केजरीवाल सरकार ने शुरू किया था। वहीं हाल ही में हरियाणा में भी 'मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना' की शुरूवात की गई है।

### सैनिकों और उनके परिवारों के लिए बड़ा फैसला

इसके अलावा पंजाब के रहने वाले सैनिकों और उनके परिवारों के लिए भी एक बड़ा फैसला हुआ है। पंजाब सरकार ने जानकारी दी कि अब जंग में जिंदगी हारे बहादुर सैनिकों के परिवारों को 20,000 प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। पहले 10,000 प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही थी।

## दिल्ली के बाद पंजाब में ईडी का बड़ा एक्शन

### 40 करोड़ बैंक फ्रॉड घोटाले में 'आप' विधायक गिरफ्तार

चंडीगढ़ दिनभर /वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईड़ी) द्वारा शराब घोटाले में आप के मंत्री और राज्यसभा सदस्य पर कार्रवाई के बाद ईड़ी ने पंजाब में दस्तक दे दी है। ईडी की टीम ने सोमवार को संगरूर जिले की अमरगढ़ सीट से आप विधायक प्रोफेसर जसवंत सिंह गज्जनमाजरा को 40 करोड़ बैंक फ्रॉड के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। उनको ईडी ने कार्यकताओं के साथ मीटिंग के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया।

आप विधायक की गिरफ्तारी के बाद आप पार्टी के कार्यकताओं ने जांलधर स्थित ईडी के ऑफिस के बाहर जबरदस्त हंगामा कर डाला। वहीं आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता मलविंदर कंग ने कहा कि भाजपा द्वारा यह साजिश आप की बढ़ती लोकप्रियता को रोकने के लिए किया जा रहा है। दिल्ली में गिरफ्तारी के बाद अब पंजाब में ईड़ी की टीम आप के विधायको को गिरफ्तार करने में जुट गई है। गज्जनमाजरा को ईडी टीम पूछताछ के लिए समन भेज सकती थी और तलब कर सकती थी। उनको कार्यकताओं के बीच में इस तरह क्यों गिरफ्तार किया गया।



अब ईडी द्वारा जिस प्रकार से कार्रवाई की जा रही है वह भी कहीं न कहीं शक के दायरे में आ चुकी है। भाजपा के बाद कंग ने कांग्रेस को भी नहीं बख्शा।

उन्होंने कहा कि जब उनके छत्तीसगढ़ के सीएम बघेल का नाम ईड़ी द्वारा पकड़े गए करोड़ों रुपए में आया तो कांग्रेस ईड़ी को भाजपा की एजेंसी बताती है। आप पर ईड़ी की कारवाई होती है तो उसे सही बताती है। आप प्रवक्ता ने नवजोत सिद्धू पर तंज कसते हुए कहा कि जिस समय सिद्धू भाजपा में थे उस दौरान वो सोनिया गांधी के बारे में ऐसी शब्दावली का प्रयोग करते थे कि वो

### पंजाब सरकार गिराने की साजिश रच रही बीजेपी : कंग

बोल नहीं सकते और राहुल गांधी का नाम जो पप्पू रखा गया वो भी सिद्धू ने ही रखा था। अब उनके पैर छूए जा रहे है।सितंबर में ईडी ने मारा था विधायक के घर पर छापा

आप विधायक गज्जनमाजरा पर 40 करोड़ के बैंक फ्रॉड का आरोप है, जिसे लेकर ईड़ी द्वारा आप विधायक को कई बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उस दौरान भी उनसे कई घंटों तक ईडी ने सवाल जबाव किए थे। सिंतबर माह ईडी द्वारा विधायक गज्जनमाजरा के घर पर भी रेड की गई थी। उस दौरान ईडी ने घर पर सर्च की और पूछताछ जिसके बाद ईड़ी अपने साथ काफी दस्तावेज भी लेकर गई थी। गिरफ्तार किए गए विधायक गज्जनमाजरा सिर्फ एक रुपया वेतन लेते हैं। गज्जनमाजरा ने कहा था कि पंजाब वित्तीय समस्याओं से जूझ रहा है। चुनाव में उन्होंने शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान को हराया था।

## जेल के अंदर ही कैबिनेट बैठक करेंगे...

## AAP ने कहा, अगर केजरीवाल गिरफ्तार हुए तो भी वही उट रहेंगे



नई दिल्ली. आम आदमी पार्टी ने सोमवार को कहा कि पार्टी के सभी विधायकों ने अरविंद केजरीवाल से दिल्ली का मुख्यमंत्री बने रहने का आग्रह किया है, भले ही उन्हें किसी भी जांच एजेंसी द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाए. पिछले हफ्ते, आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में तलब किया था. हालांकि, वह समन को ह्यराजनीति से प्रेरितह्न करार देकर जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए थे.

आप के मंत्रियों और नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की हालिया कार्रवाई को लेकर रोष के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार दोपहर को पार्टी विधायकों की बैठक बुलाई. बैठक के बाद, दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बैठक में मौजूद सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कहा ह्यअगर वह गिरफ्तार होते हैं, तो भी वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे, क्योंकि दिल्ली की जनता ने सरकार चलाने के लिए उन्हें जनादेश दिया है.'

### अधिकारी बैठक करने के लिए जेल में ही जाएंगे

भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा, ह्यभाजपा जानती है कि वह चुनाव के जरिए केजरीवाल को सत्ता से बाहर नहीं कर सकती और ऐसा सिर्फ साजिश रचकर ही किया जा सकता है.ह्न भारद्वाज ने कहा कि अधिकारी बैठक करने के लिए जेल में ही जाएंगे और ह्यअगर हमें बुलाया जाएगा, तो हमें जाने में खुशी होगी.'उन्होंने कहा, ह्यहालात ऐसे लग रहे हैं कि हम भी जल्द ही जेल में होंगे. इसलिए यह संभव हो सकता है कि आतिशी को जेल नंबर-2 में रखा जाएगा और मुझे जेल नंबर-1 में और हम जेल के अंदर ही कैबिनेट की बैठकें करेंगे. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली की जनता के लिए होने वाले कामों को रोका नहीं जाए.'

## एचसीएल फाउंडेशन एंड क्लीन नोएडा ने श्री जी गौसदन में लगाया बायोगैस प्लांट

### श्री जी गौसदन और इस्कॉन ने गौशाला में मनाया 'गौ माता दीपोत्सव'

दैनिक समाज जागरण

नोएडा सेक्टर-94 में स्थित श्री जी गौसदन में एचसीएल फाउंडेशन एंड क्लीन नोएडा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक वर्मा ने गौशाला में बायोगैस प्लांट का लोकार्पण किया तथा भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल व उत्तर प्रदेश सरकार पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर भी मौजूद रहे ' एचसीएल फाउंडेशन ने यह बायोगैस प्लांट 'गौ माता दीपोत्सव' के कार्यक्रम 'एक दीप गौ माता के नाम' के दौरान किया। गौशाला में लगे इस बायोगैस प्लांट से गौशाला और यहां काम कर रहे कर्मचारियों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी। इसके साथ ही यहां रहने वाले कर्मचारियों को खाना बनाने के लिए इस बायोगैस प्लांट से गैस



भी मिल सकेगी। बायोगैस प्लांट के जरिए गौशाला में इकट्ठे होने वाले गोबर का निवारण करने में भी आसानी होगी।

कार्तिक मास में श्री जी गौसदन और इस्कॉन मंदिर नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में गौशाला में पहली बार 'गौ माता दीपोत्सव' का आयोजन किया गया। रविवार को शाम 5 से 7 बजे गौशाला में इस्कॉन भक्तों द्वारा कीर्तन, दीप उत्सव, दामोदराष्टकम (श्री वंशीधर दास जी) द्वारा किया गया। इसके साथ ही इस्कॉन भक्तों ने गौशाला में 'हरे कृष्णा रॉक शो' का आयोजन भी किया। दरअसल 'एक दीप गौ माता के नाम' कार्यक्रम के द्वारा आम जनमानस को गाय माता की महत्वता बताने के साथ ही उनकी सेवा करने की भावना जागृत करने की कोशिश की गई। कार्यक्रम में श्री जी गौसदन की समस्त कार्यकारिणी, कर्मचारी और शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## मुजफ्फरनगर थप्पड़ केस: बच्चे का दाखिला प्राइवेट स्कूल में कराएं, सुप्रीम कोर्ट ने UP सरकार से कहा

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि मुजफ्फरनगर जिले में अपना गृहकार्य पूरा नहीं कर पाने पर जिस छात्र को उसकी शिक्षिका के कहने पर थप्पड़ मारा गया था, उसे वहां किसी निजी स्कूल में दाखिला दिलाया जाए.

राज्य के शिक्षा विभाग ने न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ को बताया कि वह पीड़ित बच्चे का दाखिला सीबीएसई से संबद्ध एक निजी स्कूल में कराने पर विचार के लिए एक समिति बना रहा है. विभाग के वकील ने कहा कि उसके अधिकार क्षेत्र में केवल उत्तर प्रदेश बोर्ड से संबद्ध स्कूल हैं.

न्यायमूर्ति ओका ने कहा, ह्यआपको किसी बच्चे के प्रवेश के लिए किसी समिति की नियुक्ति क्यों करनी पड़ रही है? समिति क्या करेगी? अपने वरिष्ठ अधिकारियों से कहिए और वे स्कूल के प्राचार्य से बात करेंगे जो दाखिले पर विचार करेगा. अदालत के समक्ष ऐसा रुख मत अपनाइए. मुझे नहीं लगता कि मामले के तथ्यों को देखते हुए कोई विद्यालय ना करेगा. शुक्रवार तक हमें अनुपालन के बारे में जानकारी दीजिए.ह्न

याचिकाकर्ता तुषार गांधी की ओर से वकील शादान फरासत ने कहा कि लड़के के पिता चाहते हैं कि उसका दाखिला किसी निजी सीबीएसई स्कूल में कराया जाए लेकिन उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल के एम नटराज ने शुरू में अदालत को सूचित किया कि वे उक्त बच्चे और स्कूल के अन्य छात्रों की काउंसलिंग के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के बाल मनोविज्ञानियों की सहायता लेने पर विचार कर रहे हैं.

# आखिर कौन अपसेट कर रहा है मप्र को ?

**दैनिक समाज जागरण**

मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में रंग गहरे हो चले हैं। इन रंगों को गहरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह के बेटे से जुड़े कुछ वीडियो । वे नाटकीय अंदाज में चुनावी भाषण दे रहे है। मोदी जी को अब बाबाओं को भी साधने की जरूरत पड़ रही है । भगवान को साधने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी केदारनाथ में हैं। मप्र में मुद्दा ये है कि मप्र को अपसेट कौन कर रहा है ,कांग्रेस या भाजपा ?क्योंकि मोदी जी कह रहे हैं है कि कांग्रेस के दोनों पूर्व मुख्यमंत्री अपने बेटों को सेट करने के लिए मप्र को ' अपसेट ' कर रहे हैं

मप्र में जो मुद्दे हम और आप शुरू से उठाते रहे हैं उन्हीं सब मुद्दों पर अब मोदी जी को भी आना पड़ रहा है । वे एक राष्ट्रीय नेता की तरह नहीं एक प्रादेशिक नेता की तरह मुद्दों पर कम प्रादेशिक नेताओं पर ज्यादा हमलावर हैं। जाहिर है कि अब भाजपा पर उपलब्धियों के नाम पर बजाने को सूखे शंख भी नहीं बचे हैं। मोदी जी ने मप्र के दौरे पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर व्यक्तिगत हमले किये । इस बार उन्होंने न केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और न राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। मोदी जी ने नाथ और सिंह के साथ ही राहुल गांधी के परिवार पर वे घिसे-पिटे आरोप लगाए जो बहुत पुराने हो चुके हैं।

दरअसल मोदी जी के भाषण अब प्रधानमंत्री पद के अनुकूल नहीं हो रहे है। उनकी वक्तव्य कला का तेज कमजोर होता दिखाई दे रहा है ,अन्यथा हमने अब तक किसी प्रधानमंत्री को किसी प्रादेशिक नेता और उसके परिवार पर बोलते नहीं सुना। प्रधानमंत्री पद पर बैठे लोग अतीत में अपनी नीतियों या अपनी प्रतिद्वंदी पार्टियों की नीतियों पर ही बोलते आये है। उन्होंने कभी किसी पर निजी हमले नहीं किये। लेकिन अब ये मयार्दाएं भंग हो चुकी हैं। मोदी जी ने ही ये शुभ कहें या अशुभ काम किया है। वे छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भ्रष्ट बताकर आये तो मध्यप्रदेश में उन्होंने दिग्विजय सिंह और कमलनाथ को पुत्र मोह में फंसा बताकर चुटकुले बाजी की। श्रोताओं को निश्चित ही मोदी जी के भाषण मजा दे रहे हैं लेकिन वे वोटरों का मन बदल पाएंगे ये कहना कठिन है।

दअरसल इस समय प्रधानमंत्री के रूप में और पार्टी सुप्रीमो के रूप में मोदी जी का जादू फीका पड़ता दिखाई दे रहा है । भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं के मन से मोदी जी का भी जा चुका है। इसका प्रमाण वे बागी प्रत्याशी हैं जो अब तक मैदान में डटे है। हारकर पार्टी को उन सभी को पार्टी से छह साल के लिए पार्टी से निकालना पड़ा । जो समझदार थे वे पहले ही भाजपा की प्राथमिकता सदस्यता छोड़कर मैदान में आये थे। मोदी जी ने अपनी एक भी सभा में इन बागियों के बारे में एक शब्द नहीं कहा । कहते भी तो शायद उन्हें और उनकी पार्टी को कोई फायदा नहीं होता।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस चुनाव में पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले छत्तीस बाधाएं हैं। सबसे बड़ी बाधा पार्टी का आंतरिक असंतोष है। छग में कम है लेकिन मप्र में ज्यादा है । सबसे ज्यादा तो उस राजस्थान में है जहां जादूगर अशोक गहलोत से भाजपा का मुकाबला है। वहां भाजपा ने अपने बुलडोजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी ध्रुवीकरण के लिए भेजा किन्तु कोई असर नहीं हुआ । योगी जी छग में भी राम-राम कर आये हैं लेकिन यहां भी मंदिर कोई मुद्दा नहीं है। मप्र में भी राम मंदिर और मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजमान कि पूण परं प्रतिष्ठा कोई मुद्दा नहीं ह। मुद्दा है तो उज्जैन के महाकाल लोक में हुआ भ्रष्टाचार। भाजपा का घोषणा पत्र भी कांग्रेस के घोषणा पत्र के सामने बेअसर साबित हुआ है।

भाजपा मप्र की सत्ता में बनी रहे ये भाजपा को नहीं मतदाताओं को तय करना है । मप्र में भाजपा ने तीन साल में ऐसा एक भी चमत्कारिक विकास कार्य नहीं किया जिसकी बिना पर मतदाता उसे आँख बंद कर वोट देते । सरकार की एकमात्र तख्ता पलट योजना लाड़ली बहना योजना थी उसे भी कांग्रेस ने अपने हिसाब से मोथरा कर दिया है । भाजपा फ्रीबीज का सिक्का भी ढंग से नहीं चला पायी ,क्योंकि कांग्रेस ने अपने वचन-पत्र में भाजपा की हर योजना में अपना सवा रुपया जोड़ दिया है।

मजे की बात ये है कि भाजपा के दूसरे सबसे बड़े नेता केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को आखिरी वक्त में उनके बेटे के एक वीडियो ने घेर लिया है जिसमें उनका बेटा करोड़ों की डील करता दिखाई दे रहा है। खास बात ये है कि इस वीडियो को लेकर अभी तक न तो नरेंद्र सिंह तोमर की और से कोई शिकायत की गयी है और न उनके बेटे की और से। अगर ये वीडियो असर कर गया तो तोमर साहब दिमनी से भोपाल तो क्या दिल्ली भी वापस नहीं लौट पाएंगे। वैसे भी तोमर कि छवि एक नाकाम कृषि मंत्री की है। उनके कृषि मंत्री रहते ही इस देश में ७०० से ज्यादा किसानों को अपनी जान देना पड़ी थी।

भाजपा ने छग में मतदान से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर महादेव ऐप के जरिये 508 करोड़ रुपए लेने का आरोप तो लगा दिया लेकिन उसे प्रमाणित नहीं कर पायी । हारकर केंद्र सरकार ने महादेव ऐप पर पाबंदी लगा दी। भाजपा यदि यही काम चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के एक-दो महीने पहले करती तो मुमकिन है उसे इसका लाभ मिलता,लेकिन अब तो समय हाथ से निकल चुका है। छग में ईडी का नोटिस और छापे भी बेअसर साबित हुए हैं

मध्यप्रदेश में चुनावी परिदृश्य बदलने में जी-जान से लगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह अकेले पड़ गए है। केंद्र का कोई स्टार प्रचारक उनकी सरकार की उपलब्धियों या उनका जिक्र तक नहीं कर रहे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दौरे भी 2018 के विधानसभा चुनावों की तरह कोई चमत्कार पैदा करते नजर नहीं आ रहा । 2018 के विधानसभा चुनाव में सिंधिया ने सारा चुनाव प्रचार अपने ऊपर केंद्रित कर लिया था। उन्होंने लड़ाई को शिवराज बनाम महाराज बना लिया था। इस बार वे इस लड़ाई को महाराज बनाम कमलनाथ या महाराज बनाम दिग्विजय नहीं बना पाए। चुनावी बाजी पलटने के लिए हालाँकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी पसीना बहाते दिखाई दे रहे हैं ,लेकिन उनकी और से प्रदेश की नौकरशाही को दी गयी देख लेने की धमकी उनके ऊपर ही भारी पड़ती दिखाई दे रही है। नौकरशाही ने एकदम से आँखें नटेर

**@ राकेश अचल**

# बैठकी

# "ये विज्ञापनों का दौर है!!"

**दैनिक समाज जागरण**

सरजी, बड़ी अजीब बात है!! आज-कल सिर्फ विज्ञापनों का दौर चल रहा है। जनता को कितना मूर्ख बनाया जा रहा है! अमिताभ बच्चन टीवीएस स्कूटर, घड़ी




डिटर्जेंट का विज्ञापन कर रहे जबकि वे करोड़ों रुपयों की कार पर चलते हैं,कभी स्कूटर छूते भी नहीं होंगे या कभी अपना कपड़ा घड़ी डिटर्जेंट से साफ किये होंगे!!उसी तरह बालीवुड के स्टार विमल गुटका का प्रचार कर रहें हैं जो स्वयं नहीं खाते होंगे।वैसे भी जनता ने उन्हें खाकपति से अरबों का मालिक बनाकर गुनाह किया है क्या!!जो चंद्र रुपयों के लिए, आमलोगों को गुटका खाने को मोटिवेट करके बदला ले रहें हैं!!--मास्टर साहब बैठते हीं शानदार मुद्दा उठाया।

अजी, अभी बीते 24 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को झाड़ लगाई थी कि राज्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए तुम्हारे पास पैसा नहीं है और अपनी सरकार एवं पार्टी को चमकाने के लिये जनता के टैक्स के 1100 करोड़ लुटाने का पैसा है!!--सुरेन्द्र भाई ने याद दिलाया।

सुरेंद्र भाई, आज के डेट में कोई धुला नहीं है। हर पार्टी और सरकार, विज्ञापन के माध्यम से अपने को चमकाने में लगी है वैसे हीं जैसे अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार में कंपनियां, विज्ञापन का सहारा लेतीं हैं।--उमाकाका ने सही कहा।

मास्टर साहब,आज के डेट में अर्थ व्यवस्था हीं उपभोक्तावाद पर आधारित हो चला है। ऐसी स्थिति में बाजार में अपनी साख बनाने,उत्पाद की लोकप्रियता बढ़ाने,अन्य संबंधित उत्पादों से बेहतर साबित करने,और मार्केट में बने रहने के लिये,विज्ञापन आज महत्वपूर्ण टूल्स बन चूका है। लेकिन अगर कोई सिलेब्रिटी, बगैर उत्पाद की गुणवत्ता को परखे विज्ञापन के माध्यम से प्रोमोट करता है तो नैतिक और कानूनी,दोनों स्तर पर उसका व्यवहार अनुचित है।--मैं सरीक होते हुए।

ए सरजी, चाहे टीवी हो या सोसलमिडिया का कोई प्लेटफार्म,इतना विज्ञापन भरा रहता है कि मुड खराब हो जाता है। एक मिनट न्यूज देखे या सुने नहीं कि विज्ञापन दर विज्ञापन। अब देखिये न! भले हीं माल कचड़ा हो लेकिन विज्ञापन,उसे चमका देता है। विज्ञापन यह दिखाने का प्रयास करता है जैसे उसके बिना हम अधुरे हैं। ठीक है विज्ञापन हमें सूचना,उत्पादों आदि के बारे में जागरूक करने का जबरदस्त माध्यम है लेकिन वर्तमान समयमें विज्ञापन, समाज के लिये समस्या का कारण भी बन रहें हैं।--उमाकाका मुंह बनाये।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमलोग एक-एक कप उठाकर पुनः वार्ता की ओर......

बिल्कुल ठीक बोले काकाजी,ये विज्ञापन के माध्यम से समाज में अश्लीलता तो परोसतें ही हैं हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों पर भी चोट करतें हैं। अब तनिष्क को हीं लिजिये, अपने विवादित विज्ञापन से हिंदूओं को चिढ़ाने का काम किया था जिसमें हिंदू पत्नी के साथ उसके मुस्लिम पति के नाम पर विज्ञापन दिया।ये लव जिहाद को प्रोमोट करने वाली बात हुई। ये हरामखोर, मुस्लिम पत्नी और हिंदू पति दिखाने की हिम्मत क्यों नहीं करते!! इसीलिये कि हिंदू सहिष्णु है,कुछ नहीं बोलेगा जबकि मुस्लिम हिंसक होता है अतः उनका पिछवाड़ा फटने लगता है!! सेव द चिल्ड्रेन, संस्था ने घरेलु हिंसा की आड़ में हिंदू देवियों को हिंसा का शिकार दिखाकर अपमान किया था।ऐसे हीं, मित्रा ने अपने साड़ी के विज्ञापन में द्रौपदी चीर-हरण दिखाते हुए, श्रीकृष्ण को लम्बी साड़ी खरीदते हुए दिखाया था। और एक सुनिये--जावेद हबीब के सैलून चेन ने अपने विज्ञापन में माँ दूर्गा,गणेश भगवान, कार्तिकेयजी और सरस्वती माता को सैलून और स्पा में इस्तेमाल किया। हाल के सीएट टायर के विज्ञापन में अमीर खान दिखाता है कि सड़क का गलत इस्तेमाल हिंदू करते हैं।चाहे बारात निकाल कर या मूर्तियों का जुलूस निकाल कर। चाहे फिल्म हो या विज्ञापन अमीर खान को हिंदूओं में हीं बुराई दिखती है। सड़क पर नमाज पढ़ने से आवागमन बाधित होता है इसमें बुराई नहीं दिखती। ईद के दिन लाखों जानवरों की हत्या करके पर्यावरण प्रदुषित करने में बुराई नहीं दिखती। इस कृतघ्न को हिंदूओं ने हीं स्टार बनाया और उसकी हीं अपने नीच बुद्धी से अपमान करता है। इसे अपने धर्म के तीन तलाक, हलाला, मुता,फासिद,और निकट के रुधिर संबंधों के बीच यौन संबंधों में तनिक बुराई नहीं दिखती।--सुरेंद्र भाई







उत्तेजित लगे।

तनी रउवा बतायीं त कि इ विज्ञापन से का लाभ बा।--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी,विज्ञापन के दोनों पक्ष हैं नकारात्मक और सकारात्मक। सकारात्मक देखेंगे तो बाजार में नया क्या है इसकी जानकारी मिलती है।उत्पादों के बीच तुलनात्मक अध्ययन हो पाता है।बाजार में प्रतियोगिता होती है जो कंपनियों को अपने उत्पाद को बेहतर करने की प्रेरणा देती है। आजकल तो किसी उत्पाद की मांग, विज्ञापन पर हीं निर्भर हो चला है। इतना हीं नहीं विज्ञापन समाजिक,आर्थिक,राष्ट्रीय,स्वास्थ्य आदि से जुड़े मुद्दों पर जनता को शिक्षित एवं अगाह करने में भी भूमिका निभाता है।--मैं चुप हुआ।

ए सरजी कुछो कहिये,आज के विज्ञापन का जो क्रेज चला है इससे उपभोक्तावादी संस्कृति को जबर्दस्त बढ़ावा मिला है। छोटे उद्योग धंधों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।अब देखिये न!आन लाइन सेल करने वाली कंपनियां विज्ञापनों के माध्यम से बाजार पर कब्जा करतीं जा रहीं हैं इससे सामान्य व्यापारी और दुकानदार बुरी तरह प्रभावित हो रहें हैं। छोटे उद्योग धंधे वाले विज्ञापन का खर्च वहन नहीं कर पाते ऐसी स्थिति में अन्य,की अपेक्षा बेहतर उत्पाद होने के बावजूद चल नहीं पाते। आज विश्व बाजार का सिद्धांत चल रहा है अर्थात जो दिखता है वो बिकता है। विज्ञापनों में बस पश्चिम सभ्यता का हीं प्रचार-प्रसार दिखता है। किसी किसी विज्ञापन में हमारी संस्कृति और सभ्यता को आउट ऑफ डेटेड शो किया जाता है। ये अच्छी बात नहीं है।--डा. पिंटू बुरा सा मुंह बनाये।

डाक्टर साहब, सबसे बुरी बात तो ये है कि विज्ञापनों के माध्यम से सैक्स और हिंसक व्यवहार को बढ़ावा मिल रहा है। अर्धनग्न युवती को उत्पाद के विज्ञापन में प्रयोग किया जाता है। विज्ञापन में दिखाया जाता है कि किसी उत्पाद का प्रयोग करके दो-चार लोगों को अकेले मारा जा सकता है। विज्ञापन में पुरुष महिलाओं को और महिला,पुरुषों को आकर्षित करने में लगी रहतीं है जो सामाजिक अनाचार को बढ़ावा देता है।--कुंवरजी,अखबार रखते हुए।

जो भी हो,आजकल हमारे देश में राजनीतिक पार्टियां हमारें हीं गाढ़ी कमाई के टैक्स के पैसे को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पानी की तरह बहा रहीं हैं जबकि उससे कितनें हीं सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्थान के कार्य सधते। राष्ट्रीय एवं सामाजिक जागरुकता की बात तो समझ में आती है लेकिन विज्ञापनबाजी में खर्च दिखाकर 20 प्रतिशत कमीशन खोरी तो इनका प्रत्यक्ष लाभ है हीं,हमारे हीं टैक्स के पैसे के निवेश को अपना निवेश बताकर, हमारे उपर उपकार का बोझा भी लाद देते हैं। लोकतंत्र में ऐसी स्पष्ट धोखेबाजी,हमारे यहां हीं संभव है।--मास्टर साहब क्षुब्ध लगे।

मास्टर साहब, देश में सरकारों द्वारा दिये जाने वाले विज्ञापन को गवर्न करने वाली एजेंसी की सख्त आवश्यकता है जिसकी अनुशंसा के बिना, कोई सरकार,किसी मिडिया को विज्ञापन न दे सके। इस एजेंसी के लिये भी सख्त गाइड लाइन होना चाहिए। अच्छा अब चला जाय। --कहकर पारसनेता उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# भाग्य के भरोसे

यूं रोना अपने भाग्य का
रोते रहोगे कब तलक
रह भरोसे भाग्य के सोते
रहोगे कब तलक।
जीवन के अनमोल क्षण
खोते रहोगे कब तलक
वक्त की धारा में तुम
बहते रहोगे कब तलक।

मंजिलें मिलती उसी को,
जो मदद खुद की करे
रह भरोसे भाग्य के
जो,ना कभी आहें भरे।
काम कितना भी कठिन
हो, चुटकियों में जो करे
हो अग्रसर अपने पथ
पर बाधाओं से जो
लड़े।

वह मनुज ही क्या जो
वक्त की धारा को ना
मोड़ दे
हार कर जो वक्त से
कोशिश ही करना छोड़
दे।
अपनी लगन से जो ,दो
धाराओं को ना जोड़ दे,
आत्मबल से जो हर
जंजीरों को तोड़ दे।

हो हौसला तुझमें
बुलंद,मिलकर रहेंगी
मंजिले
कोशिशों की मार
से,चटकती है हर
जंजीरें।
कुछ भी नही असंभव
यहाँ,यह प्रमाण कर
जाना है,
हिम्मत वालों की दुनियाँ
में,अलग इतिहास
बनाना है।



**बिंदु अग्रवाल, शिक्षिका सह कवयित्री, लेखिका किशनगंज, बिहार**

# संजीव-नी'

आज देर से हुई भोर तो क्या।।

टूटी रिश्तों की डोर तो क्या ।
आज देर से हुई,भोर तो क्या।।

रिश्ते मखमली, काँटों का ताज,
उनसे मिले जख्म ढेर तो क्या।

अब न रंजिश,न दुआ सलाम,
खास लम्हे ले गए,गैर तो क्या।

स्वार्थी आंच में, पिघल गए रिश्ते,
जज्बातो की नहीं खैर, तो क्या।।

सारी गलतियां हमारी ही सही।
आप ही निकले गैर,तो क्या।

राही है,न जाने कहा पहुंचेंगे,
मंजिल का नहीं छोर,तो क्या।

"संजीव" कड़वाहट दिल में क्यूँ।
छूटती सांसों की डोर,तो क्या।।

**संजीव ठाकुर ,रायपुर छत्तीसगढ़**

# बड़ी सफलता नियमित प्रयास की परिणति' श्रम का कोई विकल्प नहीं'

**दैनिक समाज जागरण**

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों क ी कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है' जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है' यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है'

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं' सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए'इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है' और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है' भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है'ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता'



**संजीव स्तंभकार, चिंतक लेखक, टिप्पणीकार,रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# दक्षिण भारत में परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति "Varmam" का उत्तर भारत में प्रथम कार्यशाला

कोविड के समय पूरे विश्व ने यह अनुभव किया है कि मानव जीवन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता स्वास्थ्य है। आयुर्वेद में भी दीघार्यु के साथ सुखायु एवं हितायु का उल्लेख है जिसका अभिप्रायः हैं कि मानव शरीर को जीवनकाल में स्वस्थ रहने का अवसर मिले तथा जब तक जीवित रहे स्वयं सुखी रहे और अपनी आयु काल के समय दूसरों के हित के लिए भी समय लगाने का अवसर मिल सके। 13 वर्ष पूर्व सिनेतारिका सुश्री प्रियंका चोपड़ा द्वारा विजन मिशन फाउण्डेशन का उद्घाटन किया गया। स्वयं के अनुभव के आधार पर सुश्री राशि सिंघल अग्रवाल द्वारा मानवता के कल्याण के लिए विजन मिशन फाउण्डेशन की स्थापना का बीज बोया गया जिसके द्वारा नोएडा में लगभग एक लाख व्यक्तियों का निःशुल्क परीक्षण डायबिटीज के लिए किया गया। गत एक वर्ष में 5 हजार व्यक्तियों का परीक्षण किया गया, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत व्यक्तियों को डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित पाया गया। सामान्यतः आम व्यक्ति एलोपैथिक चिकित्सा पर निर्भर रहता है तथा जब बीमार पड़ता है तो डॉक्टर के पास उपचार हेतु जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय परम्परागत चिकित्सा व्यवस्था का उल्लेख हजारों वर्ष वेदकालीन समय विशेषकर चरक एवं सुश्रुता संहिता एवं तमिल ग्रन्थों में विस्तृत रूप में वर्णित है। आयुर्वेद, योग, मर्म चिकित्सा प्रणायाम, कलारी, सिद्ध, आहार, पंचकर्मा, गायन एवं नृत्य थैरेपी, होमा एवं अस्ट्रो थैरेपी एवं वनस्पति विज्ञान के माध्यम से प्रिवेन्टिव हेल्थ मैनेजमेन्ट की विद्या आम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पायी। एलोपैथिक चिकित्सा से कोई लाभ प्राप्त न होने पर हाल ही में केन्या के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री रायला ओडिन्गा की सुपुत्री रोजगैरी ओडिन्गा ने एरनाकुलम में आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से डॉ. नारायण नाम्बुधरी के प्रयास से खोई हुई आँखों की रोशनी वापिस पाया। यह महसूस किया गया है कि अब उपयुक्त समय है कि भारत में वर्तमान



एलोपैथिक चिकित्सा तथा परम्परागत भारतीय चिकित्सा पद्धति को एक साथ जोड़ते हुए अअ वरल (एलोपैथिक तथा आयुष पद्धति) को एकीकृत करते हुए चिकित्सा व्यवस्था विकसित की जाये। इस क्रम में आयुर्वेदिक तथा अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों से सम्पर्क किया गया तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु में लगभग तीन हजार वर्ष पूर्व प्रचलित चिकित्सा पद्धति वरमन जिसका क्रिया Thirumoolar Vethasatthi Academy, Coimbatore (Tamil Nadu) की ओर से Dr. Shunmugom द्वारा विभिन्न बीमारियों जैसे ि क Diabetes, Blood Pressure, Stress Management, Pain in any Part of Body, Migraine, Arthritis, Depression, Indigestion, Cold Cough, Respiratory Disorders, Eye and Ear Disorders, Insomnia, Problems in Special Children like autism etc., Gastro-intestinal diseases आदि का उपचार (शरीर में उपलब्ध 8 हजार से अधिक बिन्दुओं में से 108 बिन्दुओं को स्वयं की अंगुलियों एवं अगूठे के द्वारा बीमारी के अनुसार दबाकर ) किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान में विश्व अनेकों सभ्यागत संकटों जैसे कि वैश्विक अशान्ति, आतंकवाद, स्वास्थ्य, पर्यावरण- इकोलॉजी डिस्टर्बन्स आदि चुनौतियों से गुजर रहा है। पिछले एक वर्ष के सतत एवं कठिन परिश्रम के उपरान्त प्रोफेसर कपिल कपूर जी के नेतृत्व में 200 से अधिक प्रोफेसरों के सक्रिय बौद्धिक सहयोग के माध्यम से 70 देशों की यात्रा करते हुए तथा 500 पुस्तकों का संदर्भ लेते हुए "भारतीय संस्कृति वैश्विक न्यास दिनांक 18 अक्टूबर 2023 को गठित हुई। वैश्विक प्रसन्नता, स्वास्थ्य, मानवता, शान्ति, समृद्धि और जीव-अनुकूल इकोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग करते हुए जनोपयोगी भाषा में वैश्विक समकालीन सभ्यतागत संकटों का समाधान, जन सहयोग के माध्यम से करते हुए सामान्यजन तक पहुँचाने के लक्ष्य हेतु यह न्यास एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।उक्त न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु भी विशेषकर वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में जमीनी क्रियान्वयन हेतु विजन मिशन फाउण्डेशन द्वारा विशेष रूप से अनुरोध करके एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री लोकेश एम (आई.ए. एस.), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण तथा अध्यक्षता डॉ. मनीष कुमार वर्मा (आई.ए. एस.), जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा की गयी। भारतीय संस्कृति वैश्विक न्यास के सम्बन्ध में पदम भूषण प्रो. कपिल कपूर, डॉ. शशिबाला, श्री दीपक सिंघल, पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश द्वारा विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। उक्त न्यास में सलाहकार मण्डल के रूप में प्रो. कपिल कपूर, डॉ. मनोहर शिन्दे, डॉ. सच्चिदानन्द जोशी, प्रो. चमन लाल गुप्ता, प्रो. जगबीर सिंह, प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. नीरजा ए. गुप्ता, प्रो. डॉ. शशिबाला, प्रो. बैद्यनाथ लाभ, डॉ. सुब्रोतो गंगोपाध्याय, प्रो. रिचा चोपड़ा, डॉ. बी. आर. मणि, प्रो. के. राजन प्रो. हीरामन तिवारी, प्रो. चेल्लापांडियन, प्रो. अम्बिकादत्त शर्मा, डॉ. रामास्वामी सुब्रमणि प्रो इन्द्रनारायण सिंह, प्रो. वीर सागर जैन, श्री वेदवीर आर्य देश के सुविख्यात शिक्षाविद सहयोग दे रहे हैं। कार्यशाला सुश्री राशि सिंघल अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया गया तथा श्री सुरेश काण्डी मनोहरन द्वारा संस्था के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। Dr. Shunmugom द्वारा चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तृत रूप से पद्धति को सबको समझाया गया और यह आश्वस्त किया गया कि आने वाले समय में उत्तर भारत में गौतमबुद्धनगर पहला जिला होगा, जिसमें उक्त चिकित्सा पद्धति का केन्द्र विकसित किया जायेगा जिससे कि प्राचीन भारतीय विरासत का लाभ एन.सी.आर क्षेत्र को मिल सके। कार्यक्रम का संचालन सुश्री शगुन सिंघल गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर ऊ१. रँ४ल्लेॅ४ङ्क लिखित तथा संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तक का भी विमोचन मुख्य अतिथि श्री लोकेश एम (आई.ए.एस.), मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण तथा डॉ. मनीष कुमार वर्मा (आई. ए. एस.) जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में किया गया।

## प्रतिबंधित पॉलीथीन, अवैध प्रचार सामग्री, अतिक्रमण, बड़े बकायेदारो के विरुद्ध जोनवार अभियान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। प्रतिबंधित पॉलीथीन, अवैध प्रचार सामग्री, अतिक्रमण, बड़े बकायेदारो के विरुद्ध जोनवार अभियान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निदेर्शों के क्रम में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट के नेतृत्व में प्रतिबंधित पॉलीथीन प्रयोग, संग्रहण, परिवहन, निर्माण लगाये जाने पर सामग्री जब्त



कर जुमार्ना लगाये जाने, नगर के मार्गो/गलियों पर अतिक्रमण हटाकर क्षतिपूर्ति वसूल किए जाने, गृहकर का भुगतान नही करने वाले बड़े/छोटे गृहकर के बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की/सीजर की कार्यवाही हेतु निरन्तर जोनवार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गृहकर का भुगतान कराने एवं आम जनमानस को सुविधा प्रदान करने हेतु जोनवार कैम्प भी लगाये जा रहे है, जिस क्रम में आज जोनवार कार्यवाही का विवरण निम्नवत हैः-

जोन-5 क्षेत्र अन्तर्गत स्थित आलमबाग चौराहे से आलमबाग बस अड्डे तक अस्थायी अवैध अतिक्रमण ठेला, ठेलिया, गुमटी के अतिरिक्त अवैध होर्डिग, बैनर इत्यादि को अभियान चलाकर हटाया गया। उक्त अभियान उप नगर आयुक्त/जोनल अधिकारी जोन-05 संगीता कुमारी के नेतृत्व में कर अधीक्षक- आलोक श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक- अनुज कुमार, राजस्व निरीक्षक- रेनू यादव, राजस्व निरीक्षक- पूजा शुक्ला, राजस्व निरीक्षक- राजू कुमार, प्रवर्तन दल (296) व ई0टी0एफ0 के सहयोग से चलाया गया है। इसके अतिरिक्त वार्ड-चित्रगुप्त नगर में कैम्प लगाकर रू0-96047.00 व वेन्डिग शुल्क रू0-32400.00 साथ ही लाइसेन्स शुल्क रू0-30000.00 जमा कराया गया। इसके अतिरिक्त जोन-05 क्षेत्रान्तर्गत आलमबाग एवं चन्दर नगर मार्केट में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए गन्दगी करने वाले एव प्रतिबन्धित पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों को गन्दगी न फैलाने एवं प्रतिबन्धित पॉलीथिन का प्रयोग न किये जाने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही अभियान के दौरान गन्दगी करने वाले व्यक्तियो पर 05 चालान व रू0- 500.00 का जुमार्ना एवं प्रतिबन्धित पॉलीथिन का प्रयोग कर रहे दुकानदारो ं पर 01 चालान व रू0- 1000.00, इस प्रकार कु ल 06 चालान व रू0- 1500.00 का जुमार्ना वसूल किया गया एवं 1.5 किलोग्राम प्रतिबन्धित पॉलीथिन जब्त की गई।

जोन-6

मनेज कुमार यादव जोनल अधिकारी जोन-6 के नेतृत्व में घंटाघर चौराहे से युनिटी कालेज होते हुये दुबग्गा चौराहे से आई0आई0एम0 रोड के चारो तरफ अतिक्रमण अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान, अवैध रूप से लगे फलो के ठेलो को हटाते हुये सचेत किया गया कि उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न होने पाये। इसके अतिरिक्त जोन-6 के अन्तर्गत वेडिग शुल्क रू0 7200 जमा कराया गया। उक्त कार्यवाही जोन-6 के कर अधीक्षक, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, ई0टी0एफ0 एवं 296 टीम की उपस्थिति में सम्पन्न की गयी।

जोन-07 द्वारा प्रतिदिन की विशेष कार्यवाही के दौरान सिन्गल यूज प्रतिबन्धित पॉलीथीन, गन्दगी व ट्रेड लाइसेन्स शुल्क न जमा करने वाले प्रतिष्ठान, वेण्डिग जोन की दुकानों से शुल्क हेतु तथा अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध वार्ड



मैथिलीशरण गुप्त स्थित ईरम स्कूल के आस-पास, वार्ड बाबूजगजीवन राम स्थित सेक्टर-25 इन्दिरा नगर, वार्ड लाल बहादुर शास्त्री स्थित आम्रपाली चौराहे के आस-पास, लोहिया नगर वार्ड में सेक्टर-02, 03 व लेखराज पन्ना आस-पास अभियान चलाया गया। अभियान में प्रतिबन्धित पॉलीथीन का उपयोग करने वाले दुकानों/प्रतिष्ठानों के विरूद्ध रू०-2,000.00, गन्दगी के विरूद्ध रू०-500.00 का जुमार्ना वसूल किया गया तथा 0.8 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त किया गया। जोन क्षेत्रान्तर्गत स्थित वेण्डिग जोन से रू०-3,91,800 जमा कराया गया तथा ट्रेड लाइसेन्स शुल्क रू०-15,500.00 जमा कराया गया। सेक्टर-25 इन्दिरा नगर में अवैध अतिक्रमण व अवैध बैनर/पोस्टर इत्यादि प्रचार सामग्री को हटवाते हुए रू०-1,500.00 का जुमार्ना वसूल किया गया। इस प्रकार कुल रू०-4,11,300.00 का शुल्क/जुमार्ना जमा कराया गया। उक्त कार्यवाहीं में कर अधीक्षक विपिन उपाध्याय, राम अचल, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक बृजेश प्रजापति, राजस्व निरीक्ष पल्लवी अस्थाना, उदय त्रिपाठी, शिवेन्द्र मिश्रा, लिपिक संजय चन्द्रा, प्रवर्तन दल 296 की टीम व अन्य स्टाफ कि उपस्थिति में सम्पादित की गयी।

जोन-8 सरोजनी नगर थाना के अन्तर्गत बेहसा मोड से एयरपोर्ट चौराहे व सरोजनी नगर के आस-पास अवैध प्रचार समाग्री व अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया।अभियान के अन्तर्गत 02 सिलेण्डर, 01 छोटा चूल्हा, 01 बाटी चोखा स्टैण्ड, 02 लोहे के गमलेस्टैण्ड, के साथ 30 बैनर, 70 छोटी होर्डिंग, 90 कियास्क व 20 पोस्टर को हटाया गया। उक्तअभियान जोनल अधिकारी के नैतृत्व में कर अधीक्षक ओम प्रकाश सोनी, राजस्व निरीक्षकश्री देवी शंकर दुबें व प्रवर्तन विभाग जोन-8 (296) की उपस्थिति में चलाया गया। जोन-8 क्षेत्रान्तर्गत बडे बकायेदारो से डोर-टू-डोर सम्पर्क किया गया, जिससे कुल रू०-3,10,000.00 वसूली की गयी एवं आज दिनांक 05.11.2023 को नगर निगम जोन-8 क्षेत्रान्तर्गत स्थित विभिन्न वेण्डिंग जोनो से रू०-1,24,400.00 (एक लॉख चौबीस हजार चार सौ रुपए मात्र) वेण्डिंग शुल्क वसूल किया गया।

## जनपद के उज्ज्वला योजना गैस कनेक्शन धारक अवश्य करायें आधार प्रमाणीकरण।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वही उक्त योजना के लिए पात्र होंगे तथा उन्हें ही निःशुल्क सिलेण्डर वितरित किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत उपभोक्ता अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके तीन से चार दिन के उपरान्त इस योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते मे तेल विपणन कम्पनियों द्वारा अंतरित की जायेगी। जनपद में 40370 उज्जवला योजना के गैस कनेक्शनधारक है, जिसमे से आई०ओ०सी० 13529, बी०पी०सी० 15697 एवं एच०पी०सी० कम्पनी के 11144 है को निःशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने है। जनपद के वह समस्त उज्वला योजना गैस कनैक्शन धारक जिनका आधार प्रमाणीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वह अपना आधार प्रमाणीकरण सम्बन्धित गैस ऐजेन्सी पर सम्पर्क कर कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें निःशुल्क गैस सिलेण्डर प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## जनपद के उज्ज्वला योजना गैस कनेक्शन धारक अवश्य करायें आधार प्रमाणीकरण।

समाज जागरण

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण में माह नवम्बर, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक होंगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वही उक्त योजना के लिए पात्र होंगे तथा उन्हें ही निःशुल्क सिलेण्डर वितरित किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत उपभोक्ता अपने स्तर से प्रचलित उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके तीन से चार दिन के उपरान्त इस योजनान्तर्गत दी जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते मे तेल विपणन कम्पनियों द्वारा अंतरित की जायेगी। जनपद में 40370 उज्जवला योजना के गैस कनेक्शनधारक है, जिसमे से आई०ओ०सी० 13529, बी०पी०सी० 15697 एवं एच०पी०सी० कम्पनी के 11144 है को निःशुल्क गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने है। जनपद के वह समस्त उज्वला योजना गैस कनैक्शन धारक जिनका आधार प्रमाणीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वह अपना आधार प्रमाणीकरण सम्बन्धित गैस ऐजेन्सी पर सम्पर्क कर कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें निःशुल्क गैस सिलेण्डर प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## समाजवादी पार्टी से तीन बार लोकसभा एवं एक बार राज्यसभा सांसद श्री रवि प्रकाश वर्मा एवं उनकी बेटी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 पूर्वी वर्मा ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा- डॉ0 सी0पी0 राय

लखनऊ, 06 नवम्बर 2023। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी, तथा महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका गांधी जी द्वारा देश एवं संविधान की रक्षा हेतु किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी से तीन बार लोकसभा एवं एक बार राज्यसभा सांसद रहे श्री रवि प्रकाश वर्मा जी ने तथा उनकी सुपुत्री पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 पूर्वी वार्मा जी ने पूर्व ब्लाक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों प्रधानों, एवं सैकड़ो की संख्या में पूर्व प्रधान सहित लगभग 500 से अधिक समर्थकों के साथ आज कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी के समक्ष पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही बहुजन समाज पार्टी से दो बार विधायक प्रत्याशी रहे नवाब फैजान अली खान जी ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस श्री अजय राय जी ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। इसी क्रम क्रम में नव भारत पार्टी के अध्यक्ष श्री राज बहादुर जी ने भी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलेय करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा0 सी0पी0 राय ने बताया कि इस अवार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी ने पूर्व सासंद रवि प्रकाश वर्मा जी के साथ आये उनके सैकड़ों समर्थकों तथा समस्त आगन्तुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच और नीतियों से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त प्रदेश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगांहों से देख रही है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर उनको आगे बढ़ाने की कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी एवं महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका गांधी जी की सोच में लोग भरोसा व्यक्त कर रहे हैं। सभी जाति और धर्म के लोग भाजपा की समाज तोड़ो राज करो की नीति और नीयत से परिचित हो चुके हैं और आने वाले समय में वोट की चोट देकर देश एवं प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेकने का मन बना चुके है। सदस्यता ग्रहण के उपरान्त पूर्व सासंद रवि प्रकाश वर्मा ने देश के सामने चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा देश को बबार्दी की कगार पर लेकर आ गई है। देश में जो भी विकास हुआ है वह सिर्फ कांग्रेस की ही देन है और आज एक बार फिर से कांग्रेस की लहर चल चुकी है। और मैं चाहता हूं कि देश में कांग्रेस की सरकार बने तथा जनता को समस्याओं से निजात मिले इसके लिए मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए संकल्प के साथ आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा मुझे जो भी उत्तरदायित्व सौंपा जायेगा उसका मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। इस क्रम में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा जी की सुपुत्री पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुश्री पूर्वी वर्मा ने सदस्यता ग्रहण के उपरांत कहा कि मेरे दादा कांग्रेस के एक बड़े नेता थे एवं कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रहे एवं मेरी दादी भी सांसद रही एवं खीरी की जनता ने कई बार मेरे पिता को भी सासंद के रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हम समाजवादी पार्टी में काम कर रहे थे वहां हम जिस चीज के लिए राजनीति करने गये थे वहां सभी संभावनाएं धूमिल हो गई और वहीं दूसरी तरफ श्री राहुल गांधी जी भारत जोड़ों यात्रा ने देश को को आकर्षित किया और मुझे भी आकर्षित किया जिससे प्रभावित होकर आज मैंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद श्री पी0एल0 पुनिया ने पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा एवं उनकी सुपुत्री सुश्री पूर्वी वर्मा तथा उनके साथ आये सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि रवि प्रकाश वर्मा जी के सांसद रहने के दौरान मैं भी उनके साथ स-

## आगामी 09 दिसंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ-साथ आर्बिट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत का भी किया जायेगा आयोजन।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्क्षता में 09 दिसम्बर 2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि 09 दिसम्बर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ-साथ आर्बिट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन भी किया जायेगा। उक्त विशेष लोक अदालत में पक्षकार अपने आर्बिटेशन वादों को आपसी सुलह समझौते से निस्तारित करा सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में नामित पराविधिक स्वंय सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर में नामित पैनल अधिवक्तागण द्वारा जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में कार्यरत पराविधिक स्वंय सेवकों को नालसा मायडूल में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध बंदियों को उनके मुकदमों से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेलर जे0पी0 तिवारी व कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता किशनलाल पाराशर, नरेश चन्द गुप्ता, चन्द्रपाल सिंह डिप्टी, एल0ए0डी0सी0एस0 काउन्सिल एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम।



उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में आज आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में जनपद के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व जन सामान्य को आयुर्वेद विधा के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेद अधिकारी धर्मेंद्र कुमार केम ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत उचित खानपान, जीवन शैली, व्यायाम, दिनचर्या, औषधीय पौधों एवं उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आगे भी 10 नवंबर तक आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होते रहेंगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई

बलरामपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर द्वारा ग्राम सिरसिया में शक्ति दीदी मिशन के तहत पुरुषों बच्चों एवं महिलाओं से बातचीत कर उन्हे जागरूक किया गया सरकारी नम्बर जैसे *वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन 112, एंबुलेंस सेवा 108,महिला हेल्पलाइन 181, व साइबर हेल्पलाइन 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं जैसे बेटी



बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ,कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में जानकारी दी गई

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं

### जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

श्रावस्ती,जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को एक सप्ताह में निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता कदापि क्षम्य नही की जाएगी। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस हेतु समय-समय पर विस्तृत निर्देश दिये गये है, जिनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होने यह भी बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रतिमाह जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। इसलिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी जन शिकायतों के निस्तारण में विशेष रूचि लेकर जनपद की रैंकिंग प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण से सुना जाए तथा एक सप्ताह में समस्याओं का निस्तारण प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी मौके पर स्वयं जाकर निरीक्षण करें और स्पष्ट आख्या तैयार कर फोटोग्राफ सहित अपलोड करें।

# जिले में 7 से 14 नवम्बर तक निःशुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह का होगा आयोजन — डॉ उर्मिला कुमारी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

व्यक्ति में कैंसर, खराब एवं अनियंत्रित दिनचर्या, शराब एवं तंबाकू का सेवन, शरीर पर रेडिएशन का प्रभाव, अंग प्रत्यारोपण आदि से हो सकता है। व्यसनों से दूरी, नियंत्रिते दिनचर्या एवं सजगता ,कैंसर से बचने का सबसे सरल एवं सुगम तरीका है।इसी क्रम में जिले में सात नवंबर मंगलवार को सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सहित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जायेगा। साथ ही 07 से 14 नवंबर तक निःशुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इस बाबत जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने



कहा कि जिले के सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क कैंसर रोग परामर्श सप्ताह का आयोजन करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला एवं सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर के दिशा- निर्देश में कैंसर रोग की रोकथाम एवं आम जनमानस में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विशेष प्रचार- प्रसार किया जा रहा है ।

# हड़कंप : खोड़ीबारी पुलिस की सक्रियता से पशु तस्करी विफल

## खोड़ीबारी पुलिस बिहार-बंगाल सीमान्त चक्करमारी से 43 गायों के साथ दो को लिया हिरासत में

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खोड़ीबारी(सिलीगुड़ी) ।खोड़ीबारी थाना पुलिस ने गलगलिया थाना सीमांत चक्करमारी से एक वाहन सहित 43 गायों को जब्त करते हुए दो लोगों हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए अभियुक्तों में 28 वर्षीय वाहन चालक जहरुल हक के अलावे एक अन्य सह आरोपी बताया गया है ।

खोड़ीबारी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना मिली कि चोरी या धोखाधड़ी के तरीकों से खरीदी गई गायों से भरी एक गाड़ी चक्करमारी बंगाल-बिहार सीमा (एनएच 327) के माध्यम से बिहार की ओर से आ रही है । मद्देनजर खोड़ीबारी थाना पुलिस बंगाल-बिहार सीमा के चक्करमारी जीरो पॉइंट पर नाका चेकिंग शुरू की गई ।इस दौरान बिहार की ओर से आ रही एक वाहन डब्ल्यू बी -91-6056 को रोक कर तलाशी ली गई ।तलाशी के दौरान पता चला उक्त वाहन में अलग-अलग आकर की कुल 43 गायें भरी हुई हैं ।वाहन गया ।पुलिस उक्त दोनों अभियुक्तों को पाँच दिन के रिमाण्ड पर लेकर मामले की जांच करेगी ।



चालक उक्त गायों से संबंधित कोई वैध कागजात दिखाने में असमर्थ रहा । मद्देनजर वाहन सहित गायों को जब्त करते हुए दोनों अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया गया ।

खोड़ीबारी पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही के हिरासत में लिए गये दोनों अभियुक्तों को सोमवार को सिलीगुड़ी न्यायालय में पेश किया सूत्रों की माने तो सीमावर्ती क्षेत्रों में मांस की कई अवैध फैक्ट्रियों में तस्करी द्वारा इन पशुओं की सप्लाई के साथ सीमा पार बांग्लादेश भी भेजी जाती है । लेकिन सच तो तभी पता चलेगा, जब खोड़ीबारी पुलिस द्वारा अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर मवेशियों की तस्करी का भंडाफोड़ किया जाएगा ।

# मूर्ति विसर्जन जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना होगा अनिवार्य: जिला पदाधिकारी

**छठ घाटों पर महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम बनाने का निर्देश**

**सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का दिया गया निर्देश।**

**सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध होगी विधि सम्मत कार्रवाई**

**पटाखे की बिक्री करने हेतु दुकानदारों को लाइसेंस लेना होगा।**



**पियुष रंजन सिंह समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल**

आगामी दीपावली,काली पूजा एवं छठ पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ सोमवार को जिला पदाधिकारी,पुर्णियां कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की गई।जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दीपावली,काली पूजा एवं छठ पर्व मनाने एवं इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।अगामी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हो इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियों की अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा थाना अध्यक्ष एवं संबंधित पदाधिकारी द्वारा किए गए पूर्व तैयारी की अनुमंडल वार गहन समीक्षा की गई।जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में मूर्ति विसर्जन जुलुस में डीजे का प्रयोग न हो,इसको सुनिश्चित किया जाए। विभागीय निर्देश के आलोक में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है।कतिपय असामाजिक,शरारती एवं उपद्रवी तत्वों के द्वारा अफवाह फैला कर या छोटी-मोटी घटनाओं को हवा देकर संप्रदायिक सद्भावना को भड़काने का प्रयास किया जाता है जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है,वैसे शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया है।संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति करने का भी निर्देश दिया गया।रोको टोको के तहत अनुमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को वाहनों की सघन जांच करने तथा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखे के बिक्री करने वाले दुकानों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।ग्रीन पटाखे की बिक्री एवं उपयोग उसी का होगा,जिस पर (सी एस आई आर) नीरी का प्रतीक चिन्ह अंकित हो।शान्ति समिति की बैठक में तथा मूर्ति विसर्जन जुलूस आयोजनकर्ता को अनुज्ञप्ति की शर्ते पढ़ कर सुनाने का निर्देश दिया गया।सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी को भौगोलिक स्थिति के अनुरूप क्विक रिस्पॉन्स टीम को प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि क्यूआरटी में प्रतिनियुक्ति सभी दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी जरूरी गियर में रहेंगे।भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ड्रॉप गेट लगाने, दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने तथा वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया गया है।जिला पदाधिकारी द्वारा दीपावली एवं काली पूजा तथा छठ पर्व के अवसर पर पूजा पंडालों तथा मंदिरों एवं छठ घाटों की ओर जाने वाले सभी सड़को को मोटेबल करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग एवं कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग पूर्णियां को तथा विद्युत पोल एवं तारों को दुरुस्त करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत को दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि इस संबंध में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी।जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पूर्णियां को सभी पूजा पंडालों का भौतिक निरीक्षण कर शॉर्ट सर्किट तथा खुले एवं झूलते तारो की समस्या को सुरक्षित ढंग से दूर करवाने का निर्देश दिया गया।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी पूजा पंडालों का फायर ऑडिट करना सुनिश्चित किया जाए तथा इसके रोकथाम की ससमय उचित व्यवस्था की जाय।कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल पूर्णियां को निर्देश दिया गया कि सभी पंडालों का जांच कर सुद्दढता प्रमाण पत्र देना है।

जिला पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को सभी पूजा पंडालों में आपात स्थिति हेतु एंबुलेंस का नंबर प्रदर्शित करवाने का निर्देश दिया गया।जिला पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को भीड़ भाड़ वाले पूजा पंडालों तथा मंदिरों के पास एंबुलेंस तैयार रखने का निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त को निर्देश दिया गया कि छठ घाटों की साफ-सफाई तथा खतरनाक घाटों को चिन्हित कर बैरिकेटिंग करते हुए खतरनाक होने की सूचना प्रदर्शित करने एवं जरूरत होने पर वैकल्पिक घाट की व्यवस्था करें।सभी संबंधित पदाधिकारी को छठ घाटों पर पर्वतिन महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को छठ घाटों तथा आस पास में साफ सफाई करवाने एवं ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करवाने का निर्देश दिया गया।सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दीपावली,काली पूजा एवं छठ पूर्व की तैयारियां बेहतर ढंग से करना सुनिश्चित करें।सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विसर्जन वाले मार्गो का भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चित किया जाय तथा ड्रोन का उपयोग कर सर्वेक्षण किया जाय।जिला पदाधिकारी द्वारा सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले छठ घाटों का अविलंब भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त,नगर आयुक्त,जिला परिवहन पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,भूमि सुधार उपसमाहर्ता,निदेशक डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत,ग्रामीण कार्य विभाग,पथ निर्माण विभाग, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पूर्णियां, पीएचईडी,भवन एवं संबंधित पदाधिकारी और अनुमंडल तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े हुए थे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु 56वीं वाहिनी द्वारा बेला में किया गया 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ।

**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया। 56वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल बथनाहा द्वारा सीमावर्ती गांव में नियमित रूप से कौशल विकास प्रशिक्षण जैसे निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर कोर्स, इलेक्ट्रीशियन कोर्स, सिलाई प्रशिक्षण और ब्यूटीशियन कोर्स चलाया जाता है। इसी कड़ी में आज दिन सोमवार 06नवंबर 2023 को वाहिनी द्वारा नरपतगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भैरोगंज, बेला में सीमावर्ती महिलाओं के लिए 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ कराया गया। यह कोर्स उषा बुटीक फारबिसगंज द्वारा चलाया जाएगा, जिससे कि सीमावर्ती महिलाएं सुविधाजनक तरीके से अपने गांव में ही रहकर कोर्स को संपन्न कर सके । मौके पर उपस्थित समस्त महिला प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए 56वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट कस्तूरी लाल ने कहा कि सेवा, सुरक्षा व बंधुत्व के मूल ध्येय वाक्य के साथ सशस्त्र सीमा बल आप सभी के सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण को शुभारंभ करने का मूल उद्देश्य है कि आप सभी आत्मनिर्भर बनें और सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करें। मैं यहां उपस्थित समस्त महिला प्रशिक्षुओं को कोर्स के शुभारंभ पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि आप सभी नियमित रूप से कोर्स को पूर्ण करेंगे, एवं एसएसबी द्वारा कराए जा रहे इस कौशल विकास प्रशिक्षण को सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश की



महिलाएं जब आत्मनिर्भर होंगी तब हमारे देश का सर्वांगीण विकास संभव हो पाएगा । कहा आप सभी सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाए जा रहे नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण, निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर समय-समय पर लगाए जा रहे फ्री मेडिकल चेकअप ओपीडी में शामिल हों और इसका लाभ उठाएं।

कार्यक्रम में उषा बुटीक स्कूल फारबिसगंज की मैनेजर श्रीमती सविता ठाकुर द्वारा आगामी 30 दिवसीय ब्यूटीशियन कोर्स के पाठ्यक्रम के बारे में उपस्थित समस्त महिला प्रशिक्षु को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधि जवाहर कुमार मेहता, सरपंच , प्राथमिक विद्यालय भैरोगंज के शिक्षक मो. अली मुर्तजा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संचालित इस कार्यक्रम की काफी सराहना की।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 56वीं वाहिनी के उप-निरीक्षक(महिला) निशा देवी द्वारा महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में ज्वाइन करने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर

कार्यक्रम में उपस्थित 56वीं वहिनी के ई कंपनी प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार, तीनखम्बा सीमा चौकी प्रभारी सहायक उप- निरीक्षक बहादुर सिंह तोमर, उषा बूटीक की प्रशिक्षिका श्रीमती प्रियंका कुमारी एवं महिला प्रशिक्षु, स्थानीय ग्रामीण, एसएसबी के महिला व पुरुष कार्मिक उपस्थित थे।

# डीटीओ का किया घेराव,माल वाहक वाहन चालकों ने लगाया मोटी रकम वसूली का आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज 06 नवम्बर ।बिहार के किशनगंज जिला अंतर्गत ठाकुरगंज --किशनगंज मार्ग पर साल्की के पास सोमवार को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ)अरूण कुमार के वाहन को घेराव कर स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर किया हंगामा। मौके पर माल वाहक ट्रेक्टर चालकों ने अपने वाहन से मोटी रकम वसूली का आरोप लगाया।इस दौरान उक्त सड़क पर घंटों आवागमन बाधित रहा।हंगामें की सूचना पर एसडीएम लतीफुर रहमान एवं एसडीपीओ गौतम कुमार अपने दल- बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और सड़क पर बाधित आवागमन को बहाल कराया गया और घेरा में शामिल वाहन चालकों तथा ग्रामीणों के बैठक कर समझाने का प्रयास किया गया। मौके पर माल वाहक ट्रेक्टर ट्राली के चालक मुबारक हुसैन ने बताया कि जब भी हमलोगों के वाहन को पकड़ा जाता है तो कभी 70 हजार या 80 हजार रुपए का चालान काटा जाता रहा है हमलोग कहा से बार-बार मोटी रकम का भुगतान कर सकेंगे ।हमलोग गरीब आदमी है और हमलोगों का रोजी-



रोजगार भी यही है।इसलिए डीटीओ साहब का घेराव कर हमलोग समाधान चाहते हैं। इस मामले में डीटीओ अरूण कुमार ने बताया कि इन लोगों के माल वाहक वाहन के लिए उचित कागजात नहीं रहने कारण ही जितने रुपए का चालान काटना चाहिए काटा जाता रहा है। ये लोग अपने वाहनों का कागजात बना लें तो इन लोगों को इतनी मोटी रकम का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। वही एसडीएम लतीफुर रहमान ने कहा कि आपलोग अपने वाहनों का पेपर बनवा लेंगे तो आपको फाइन नहीं भरना पड़ेगा। एसडीपीओ गौतम कुमार ने माल वाहक वाहन चालकों को कानूनी रास्ते की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार के विभागीय आदेश के आलोक में जगह-जगह वाहनों की जांच की जाता है और अवैध वाहन से वाहन नियमों के उलंघन में चालान काटा जाता है। आप लोग वाहन के पेपर अप-टू-डेट रखेंगे तो चालान नहीं काटा जाएगा।'

# एनडीपीएस अधिनियम में आरोपी बनाकर युवक को जेल भेजने का परिजन लगाया आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सदर थाना क्षेत्र मोतीबाग से तीन युवक एएलटीएफ प्रभारी संजय यादव के द्वारा शनिवार शाम चार हिरासत में लिया गया और एनडीपीएस अधिनियम में आरोपी बनाकर भेजे जाने विरूद्ध में गिरफ्तार युवकों के परिजन तथा समाज के लोगों के साथ आवेदन देने पहुंचे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय।



आवेदन कर्ता के मुताबिक बताया गया कि हमारे समाज के तीन व्यक्तियों को बिना कारण उठाकर झुठा एनडीपीएस अधिनियम में अभिरक्षा में भेजने की साजिश है और सब इंस्पेक्टर संजय कुमार यादव द्वारा कल गिरफ्तारी को गलत बताया है और आरोप बेबुनियाद तथ्य संगत नहीं है। बता दें कि दिनांक 04.नवम्बर .2023 को समय लगभग 4.00 बजे संध्या रंजीत चौहान पिता अन्तलाल चौहान, अनील पिता. गोविन्द निवासी ग्राम मोतीबाग वार्ड 07 और मोहम्मद फकीर पिता मोहम्मद हुसैन, निवासी कर्बला ईदगाहबस्ती थाना और जिला किशनगंज को हिरासत में लेने के बाद किशनगंज थाना कांड संख्यां 434/2023 धारा 8(6)21(a)29 एनडीपीएस अधिनियम में जेल भेजा गया है। जबकि उपरोक्त तीनों व्यक्तियों को व्यक्तियों को व्यक्तिगत रुप से समाज में सभी जानते हैं वे लोगों ऐसे घातक नशा नहीं करते हैं। उक्त तीनों कभी भी किसी नशे का सेवन नहीं करता है। संजय कुमार यादव सब इंस्पेक्टर के द्वारा लोगों को उठाकर स्मैक देकर जप्ती सूची बनाकर झुठा मुकदमा तैयार किया है जो जांच का विषय है। अतः जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाय। वहीं पब्लिक पेटिशन में हस्ताक्षर सैकड़ो लोगों ने किया है।

# गया समाहरणालय के सभा कक्ष में आस्था का महापर्व छठ व दीपावली को लेकर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारीयो के साथ संयुक्त रूप से किया बैठक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- हिंदुओं का आस्था का महापर्व छठ एवं दीपावली को लेकर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारीयो के साथ समाहरणालय के सभा कक्ष में संयुक्त रूप से बैठक किया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारीयो को कई दिशा -निर्देश दिया. बताते चलें कि आगमी दिनों में बिहार का एवं हिंदुओं का आस्था का महापर्व छठ एवं दीपावली को देखते हुए जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आहूत किया गया . वहीं दूसरी तरफ दीपावली, काली पूजा एवं लोक आस्था के महान पर्व छठ में प्रशासनिक व्यवस्था, विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, दीपावली एवं छठ पर्व पर अवैध पटाखों के निर्माण, बिक्री एवं इसके उपयोग पर रोक सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बैठक के दौरान चर्चा की गई . जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने जिला वासियों को दीपावली एवं छठ पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए अपील किया कि दीपावली में रात्रि 8 से 10 बजे तक ही केवल ग्रीन पटाखे का प्रयोग की अनुमति है. इसके अलावा सभी प्रकार की पताका को प्रतिबंधित किया गया है.किसी भी हाल में 125 डिसेबल से ऊपर की आवाज वाले पटाखे पूरी तरह प्रतिबन्धित है। शांत क्षेत्र यथा अस्पताल, शैक्षिक संस्थान, न्यायालय, जैविक उद्यान परिषर इत्यादि के 100 मीटर के दायरे में शोर उत्पन्न करने वाले किसी भी प्रकार के पटाखे का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है.जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिस प्रकार दुर्गा पूजा में व्यवस्था थी, वही व्यवस्था दीपावली एवं छठ में लागू रहेगी.सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार का मूर्ति बिना लाइसेंस के नही बैठाए जाएंगे, इसे सभी थाना प्रभारी सुनिश्चित करावे तथा मूर्ति प्रतिमाओं का विसर्जन का रूट लाइन और तिथि और समय सभी आयोजन समिति से थाना प्रभारी प्राप्त करते हुए सूची बनाये, ताकि सभी मूर्तियों के विसर्जन के दौरान नजर रखी जा सके.दीपावली के अवसर पर एनजीटी द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में केवल ग्रीन पटाका का प्रयोग की अनुमति है.

# सीएचसी कोचाधामन में एक्स-रे सेवा बहालः मास्टर मुजाहिद आलम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

कोचाधामन सीएचसी में पिछले छे माह से एक्स-रे टेक्नीशियन नहीं रहने के कारण एक्स- रे सेवा बाधित था। मरीजों की शिकायत पर जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने जिला पदाधिकारी किशनगंज तुसार सिंगला से दिनांक 04-11-2023 को उनके कार्यालय में मिलकर उक्त समस्या से अवगत कराया था। जिला पदाधिकारी किशनगंज के निर्देश पर सिविल सर्जन किशनगंज ने ज्ञापांक 3079 दिनांक 06-09-2023 द्वारा गुलाब प्रसाद गुप्ता, एक्स-रे टेक्नीशियन बहादुरगंज को सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को सीएचसी कोचाधामन में डिस्प्यूट किया है। छः महीना बाद कोचाधामन में एक्स रे सेवा चालू हुआ है। डीएम को अग्रेत्तर कारवाई के लिए जदयू जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने जिला पदाधिकारी किशनगंज तुषार सिंगला के प्रति आभार प्रकट किया है।



# डायग्नोस्टिक सेंटर में 8 लाख रुपये की चोरी, चोर गिरफ्तार

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग)**

इन दिनों में चोरी के कोई मामले सामने आया है लेकिन इस बार प्रधान नगर थाना की पुलिस ने सिलीगुड़ी के गुरुंग बस्ती स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर में हुए 8 लाख रुपये चोरी के मामले में महज 24 घंटे के अंदर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कर्शियाग के तीनधारिया से गिरफ्तार किया गया है।पुलिस सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम बीरेंद्र कुमार दर्जी है। आरोपी सिक्किम का निवासी है।



मिली जानकारी के अनुसार गत 3 नवंबर को गुरुंग बस्ती स्थित एक डायग्नोस्टिक सेंटर के कैश बॉक्स से नगद 8 लाख रुपये की चोरी हो गई थी। उसी दिन डायग्नोस्टिक सेंटर प्रबंधन ने चोरी की लिखित शिकायत प्रधान नगर थाना में दर्ज करवाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू किया। इस दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से चोर का सुराग मिल गया। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने कर्शियाग के तीनधारिया से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 लाख 30 हजार रुपया बरामद किया है। आज आरोपी को पुलिस ने सिलीगुड़ी अदालत में पेश कर पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर ली है।

# सूरजापुरी आरक्षण की मांग को लेकर सांसद और विधायकों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज सांसद डॉ. मो. जावेद आजाद की अगुवाई में कोचाधामन विधायक हाजी इजहार असफी, बहादुरगंज विधायक अंजार नईमी, बायसी विधायक रुकनुद्दीन, ठाकुरगंज विधायक सऊद असरार, किशनगंज विधायक इजहारुल हुसैन, पूर्व मंत्री हाजी अब्दुस सुब्हान द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सुरजापुरी मुस्लिम जाति को राज्य के अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एइउ) सूची में शामिल कराने और केंद्र में अन्य पिछड़ा वर्ग (डइउ) की श्रेणी में लाने की अनुशंसा की मांगों को लेकर बिहार राज्य के पूर्णिया प्रमंडल में वास करने वाली सुरजापुरी मुस्लिम जाति को सिर्फ क्षेत्रीय आधार से वर्गीकरण के दायरे को विस्तृत करते हुए जातीय आधार पर इन्हें नासिया शेख के सही जातीय पहचान के अंतर्गत लाते हुए बिहार में एइउ वर्ग और केंद्र सरकार की डइउ आरक्षण सूची से जोड़ने के लिए अनुरोध किया।

# पश्चिम बंगाल सदगोप समाज झाड़ग्राम जिला एसोसिएशन का गठन

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

गोपीबल्लभपुर के हतिबाड़ी स्थित फ्रेंड्स गेस्ट हाउस में रविवार को पश्चिम बंगाल सदगोप समाज झाड़ग्राम जिला सम्मेलन का आयोजन बंकिम चंद्र पाल के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में



जिले के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ो सदस्यों ने भाग लिया। पड़ोसी राज्य झारखंड सदगोप समाज के महासचिव दिलीप कुमार घोष, रंजीत कुमार बाला, चंद्रशेखर पाल, सत्यवान बेरा तथा उड़ीसा के बारीपदा सदगोप समाज के सचिव देव कुमार पात्र, कोषाध्यक्ष सत्यभान जाना, सरोज कुमार दंडपत, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में सदगोपो को अन्य पिछड़ी जाति श्रेणी के तहत आरक्षण के दायरे में लाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पश्चिम बंगाल झाड़ग्राम जिला संगठन का गठन किया गया। जिसमें चंद्रशेखर साव को अध्यक्ष तथा प्रवीण कुमार जाना को महासचिव मनोनीत किया गया।

# टिकारी नगर परिषद कार्यालय के सामने शांति पैलेस में भाजपा टिकारी विधानसभा के श्रेष्ठ कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित- श्रीमती सिंधु जैन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्ड्मंडल.**

गया ( बिहार)- भारतीय जनता पार्टी टिकारी विधानसभा स्तरीय ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह दिनांक 05नवंबर 2023दिन रविवार को टिकारी नगर परिषद कार्यालय के सामने शांति पैलेस में आहूत किया गया. इस कार्यक्रम की आगाज भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अजात शत्रु पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण व राष्ट्र गान से प्रारंभ किया गया. वही मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद औरंगाबाद सुशील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धि पर बारिकी रूप से चर्चा करते हुए एक बार फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने की बात कही.इस आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता महावीर प्रसाद जैन व संचालन कार्यक्रम के संयोजक संजय कुमार उर्फ बबलू जी की रही.इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, औरंगावाद संयोजक अनिल शर्मा, औरंगावाद लोकसभा प्रभारी राजेंद्र तिवारी,विस्तारक भोजपुरिया बाबा, जिला महामंत्री रंजन कुमार सिंह,विधानसभा सभा प्रभारी डॉ अनुज कुमार, मंडल अध्यक्ष नगर पुष्पा चौरसिया, उतरी टिकारी कुंदन कुमार, दक्षिणी मंडल टिकारी अनिल पासवान, कोंच उत्तरी देवेंद्र शर्मा, दक्षिणी सुनील कुमार सिंह, उतरी महिला मोर्चा अध्यक्ष टिकारी माया कुमारी सिंह, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सिंधु जैन सहित कोर कमिटी के सभी सदस्य पुराने भाजपा कार्यकर्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित वर्तमान महामंत्री टिकारी दक्षिणी शिवबल्लभ मिश्र, नगर महामंत्री प्रभाष आनंद, उतरी से रमेश

## पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब किया बरामद

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ थाने की पुलिस ने चक चातर गांव से गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब बरामद किया है।थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि शनिवार की रात्रि एसआई नितिश कुमार ने पुलिस बल के जवानो के साथ चक चातर गांव में छापेमारी किया। जहा महेंद्र सिंह के झोपड़ी से पुआल के नीचे छिपा कर रखे एटपीएम 180 एमएल अंग्रेजी शराब 14 पेंटी और पालीथिन में बांध कर रखे लगभग 75 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वहीं धंधेबाज पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब धंधेबाज महेंद्र सिंह और पुत्र विनोद कुमार दोनों भागने में सफल रहे। वहीं बरामद शराब को थाने लाकर उक्त धंधेबाज पिता पुत्र दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## दो वारंटी गिरफ्तार गए जेल

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के धर्मागत परासी गांव से दो वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। काराकाट थानाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज अख्तर ने बताया कि थाना क्षेत्र के मालती देवी पति विजेंद्र राम तथा जितेंद्र राम उर्फ बिजेंद्र राम मारपीट के मामले में 2020 से फरार चल रहे थे। जिसको काराकाट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कराने के बाद जेल भेज दिया।

## स्काउट गाइड के छात्रों को प्रोत्साहित थानाध्यक्ष ने किया

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला प्रखंड अंतर्गत नावाडीह बाल पर तपो मुर्ति



संत यतिराज सुंदर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे पांच दिवसीय अति लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में दिन रात निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे स्काउट गाइड के अलग-अलग विद्यालय से आए सैकड़ों छात्रों का यज्ञ को सफल बनाने में अहम योगदान रहा। पूणार्हुति के दिन थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने सभी छात्रों को मंच पर बुलाकर कलम और कॉपी देकर प्रोत्साहित करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे भी ये छात्र सामाजिक समरसता एवं पढ़ाई लिखाई के साथ सामाजिक सेवा करने में अपना अहम भूमिका बढ़ चढ़कर निभाएं।

## राजद पार्टी के वरीय कार्यकताओं की बैठक

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजद के वरीय कार्यकताओं



की बैठक प्रखंड मुख्यालय पर आहूत की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के डॉक्टर वीरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष रोहतास जिला कमेटी और संचालन उमेश सिंह जिला महासचिव सह जिला पार्षद ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना तथा जिलाध्यक्ष,प्रधान महासचिव एवं युवा जिलाध्यक्ष के द्वारा मनमानी करने का प्रतिरोध करना है। बैठक में रोहतास जिला बुद्धिजीवी प्रकोस्ट अध्यक्ष प्रो.जमुना सिंह,डॉक्टर वीरेंद्र सिंह,प्रमोद कुमार सिंह,विक्की कुमार सिंह,अनवारुल हक, अरविंद कुमार सिंह,कामेश्वर सिंह,भरथ भूषण सिंह,मनोज कुमार,आनंद कुमार,सिकंदर प्रसाद,संतोष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कोचस पुलिस ने एक शराबी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने स्थानीय नगर पंचायत के गांधी चौक के समीप से एक शराबी को शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक बिक्रमगंज निवासी अशोक सिंह का पुत्र निशु कुमार बताए जाते हैं। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि निशु कुमार नगर पंचायत के गांधी चौक के समीप शराब के नशे मे धुत्त हो अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था की गस्ती पर निकले पुलिसकर्मियों ने युवक को पकड़ थाने लाई, जीसके बाद युवक का मेडिकल कराया गया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि के बाद युवक को पुलिस अपने हिरासत में लिया। वहीं पुलिस गिरफ्तार युवक को अपने हिरासत मे ले कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## अवैध ओवरलोडेड बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की देर शाम थानाध्यक्ष प्राची कुमारी को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अर्जुन बिगहा के रास्ते अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा है। सूचना की सत्यापन एवं छापेमारी हेतु पीएसआई अविनाश कुमार को दलबल सहित उक्त स्थल पर भेजा गया। वहीं पुलिस ने अर्जुन बिगहा गांव से अवैध एवं ओवरलोडेड बालू लदे महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष प्राची कुमारी ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के इंजन एवं चेचिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही हैं।

## कार वाले से हुई बकझक, छिनकर ले भागे टेम्पू, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर-डेहरी पथ पर थाना क्षेत्र के कपासिया गांव से रविवार को एक टेम्पों चालक से जबरदस्ती छिनकर कुछ अज्ञात लोग उसकी सवारी गाडी को लेकर भाग गये। रोता बिलखता चालक थाने पहुंच अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि पुलिस को दिए आवेदन में चालक ने बताया है कि वी भोजपुर तरारी थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव का रहने वाला है। जो अकोढीगोला के नावाडीह गांव में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ देखने को सवारी लेकर आया हुआ था। तभी कपसिया गांव में गेट के समीप एक कार में जा रहे कुछ लोगों ने उसे रोका व गाली गलौज बकझक करने लगे। जिसके बाद उनलोगों ने जबरदस्ती उससे चाभी छिन कर टेंम्पू को ले भागे। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है। जल्द हीं इस तरह की गुंडई करने वाले लोगोंको गिरफ्तार करते हुए चालक की टेंम्पू को बरामद कर लिया जायेगा।

## शिविर आयोजन के लिए बीडीओ ने की बैठक

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

सरकार के जन कल्याण समेत अन्य सभी कार्यों के त्वरित निष्पादन के लिए प्रखंड कार्यालय के मीटिंग हॉल में सोमवार को बीडीओ रविराज के नेतृत्व में पदाधिकारी व कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में निर्वाचन संबंधी मामलों में सरकार के निदेर्शों का अति शीघ्र अनुपालन करने व जन कल्याण के योजनाओं का लाभ आम जनता में तेज गति से पहुंचाने के लिए प्रखंड के सभी कार्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को शिविर आयोजन करने को लेकर चर्चा हुई। जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी सरकारी व गैर सरकारी प्लस टू हाई स्कूल, महाविद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में 17 साल प्लस उम्र के हो चुके पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं का नाम मतदाता निर्वाचन सूची मे जोड़ने के लिए सात से ग्यारह नवम्बर तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। ये शिविर चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, बीपीजेपी महिला कॉलेज, ताराचंडी आईटीआई, राजपुर डिहरी रोड़ स्थित आईटीआई, बरना, रोतवा, सियांवक, राजपुर, राजनडिह, मंगरवलिया, बरांव व पड़रिया पंचायत के हाई स्कूल प्लस टू स्कूलों के कैम्पस में एक साथ आयोजित होगा। जहां समबन्धित



पंचायत के बीएलओ व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।प्रधानाध्यापक के सहयोग से वैसे सभी छात्र-छात्राओं का नाम मतलब तो सूची में दर्ज किया जाएगा जिनकी उम्र एक जनवरी 2024 को 18 साल हो जाएगी अथवा 18 वर्ष प्लस हो चुके वैसे छात्र जिनका नाम अभी तक मतदाता निर्वाचन सूची मे दर्ज नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय, मनरेगा, राशन कार्ड से समबन्धित आपूर्ति कार्यालय, पेंशन, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना , सहकारिता, कृषि विभाग से जुड़े कार्यालय समेत प्रखंड के अन्य सभी कार्यालयों में प्रत्येक शुक्रवार को आम जनता के समस्याओं का समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके प्रचार प्रसार के लिए लिए दीवाल लेखन का कार्य प्रखंड कार्यालय अन्तर्गत दर्जनों जगह व दीवाल पर कर दी गई है। इसके लिए सभी गांव में लाउडस्पीकर से प्रचार प्रसार किया जाने का निर्णय लिया गया है।

## दिन के उजाले में अज्ञात चोरें ने दो साइकिल की चोरी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के कारीगावा वार्ड नंबर 2 से सोमवार को घर के समीप रखें दो किसानो की साइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। पीड़ित किसान नगर पंचायत कोचस के कोरीगांवा वार्ड नंबर 2 के रहने वाले राजेंद्र चौधरी व उमाशंकर चौधरी बताए जाते हैं। घटना के बारे मे पीड़ित किसानों ने बताया कि वह अपनी साइकिल को घर के समीप अपने दलान में खड़े कर सुबह खेत की तरफ घूमने गए थे, जब उन लोगों ने दोपहर के घर को वापस आए तो देखा कि दलान पर खड़ी की गई साइकिल को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है। लोगों के द्वारा साइकिल की काफी खोजबीन की गई लेकिन चोरी गई साइकिल की कोई पता नहीं चल पाई।

## राधिका पब्लिक स्कूल में विज्ञान मेला का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड अंतर्गत सोमवार को राधिका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो द्वारा विभिन्न तरह का कला का प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। जैसे विलेज लाइफ, सोलर सिस्टम, ग्लोबल वार्मिंग,वाटर साइकिल, सोलर एक्लिप्स विज्ञान कला का प्रदर्शन किया गया। वही इस मौके पर स्कूल के शिक्षको के द्वारा बच्चों को मेडल दे कर उत्साह बढ़ाया गया। इस दौरान चीफ गेस्ट वन परिसर पदाधिकारी सोनू कुमार राम ने कहा कि बच्चों में कला विज्ञान के माध्यम से जागरूकता बढ़ती है। इस तरह का कार्यक्रम स्कूल में हमेशा करते रहना चाहिए ताकी बच्चों के भविष्य में आगे चलकर कुछ करने का जुनून बढ़ सके। मौके पर राधिका पब्लिक स्कूल के



चेयरमैन रामू प्रसाद, स्कूल प्रिंसिपल चंदन कुमार एवं अन्य शिक्षकगण,आलिया खान,दीपक कुमार, रविकांत रंजन,निशा, राजेंद्र चौधरी, चांदनी कुमारी, आस्था कुमारी, दिव्या,नंदनी, अंजली सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। इस बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

## अनुमंडलीय अस्पताल के परिसर में अवस्थित कोविड फील्ड हॉस्पिटल में ओपीडी की हुई शुरूआत

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि अस्पताल परिसर में अवस्थित 50 बेड का कोविड फील्ड हॉस्पिटल का निर्माण कोरोना काल में पूर्ण हो गया था। लेकिन यह अस्पताल काफी दिनों से बंद पड़ा हुआ था। उपाधीक्षक ने बताया कि रोहतास सिविल सर्जन डॉक्टर के०एन०तिवारी के निदेर्शानुसार कोविड फील्ड हॉस्पिटल में ओपीडी की शुरूआत बीते दिन पूर्व में की गई। जिसमें सभी विभागों के चिकित्सक लोग दुर-दराज से आए हुए मरीजों को देखेंगे। उन्होंने कहा कि नए भवन में पुरुष के लिए 25 बेड और महिला के लिए 25 बेड यानी कुल




मिलाकर 50 बेड बनाए गए है।इसके पूर्व एसडीएच में कुल महिला और पुरुष मिलाकर 30 बेड की ही व्यवस्था थी। डीएस ने कहा कि पुराने बिल्डिंग में ओटी , लेबर रूम एवं महिला ओपीडी चलेगा। इस संदर्भ में उक्त अस्पताल के वरीय शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रभास कुमार ने बताया कि रोहतास जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन के निदेर्शानुसार कोविड फील्ड हॉस्पिटल में ओपीडी की शुरूआत की गई है।जिसमें सभी विभागों के चिकित्सक लोग बैठेंगे और मरीजों को देखते हुए उचित परामर्श देंगे। मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर ओम प्रकाश, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रभास कुमार,पीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रधान लिपिक लालबाबू सिंह,पीएचसी के प्रधान लिपिक प्रणव कुमार सहित अस्पताल के वरीय चिकित्सक,स्वास्थ्य कर्मी एवं मरीज लोग उपस्थित थे।

## प्लास्टिक के पिस्तौल का भय दिखाकर महिला का गहना छीना

**के०के दूबे, वरीय सवांददाता**
**दैनिक समाज जागरण दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत दिनारा गांव की एक महिला को घर से बाजार आने की क्रम में खिलौने का पिस्तौल दिखाकर युवक ने गाना छिना। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया घटना के संबंध में महिला पुलिस में शिकायत करने आई तो उसे थाना में बनाए गए अपराधियों का एल्बम दिखाकर अपराधी का पहचान किया गया तथा तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दिनारा के मस्जिद खान का पुत्र झंडू खान उर्फ राजू खान को गिरफ्तार कर उसके पास से छिने गये गहना बरामद किया गया तथा उसे जेल भेज दिया।

## देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत करगहर पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के ठोरसन पूर्वी गांव में छापेमारी कर 55 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष सुदेश्वर कुमार दास ने देते हुए बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के



ठोरसन पूर्वी गांव में छापेमारी की गई जहां पैंतालीस वर्षीय मुन्ना राम पिता सीता राम के घर छापामारी किया गया । जहां घर में छुपा कर रखे गए 55 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया और धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार धंधेबाज के उपर मद्ध निषेध अधिनियम के तहत अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## रास्ता अवरूद्ध होने के कारण नव निर्मित भवन में नहीं शिफ्ट हो पा रहा पीएचसी

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड मुख्यालय में आठ करोड़ की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बन विगत दो माह से तैयार है। पन्द्रह दिन पहले स्वास्थ्य विभाग ने उक्त बिल्डिंग को हैंडोवर ले लिया।स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने सिस्टम को नये भवन में ले जाने की अभी तैयारी कर हीं रहा था कि बिल्डिंग के मेन गेट के पास लगभग सौ मीटर दुरी में पहुंच को अवरूद्ध कर दिया गया। जिसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने लिखित तौर पर अंचलाधिकारी को प्रदान कर दी है,तब से आज तक स्वास्थ्य विभाग नये बिल्डिंग में जाने के लिए अंचलाधिकारी के माध्यम से रास्ते को अवरोध मुक्त किए जाने की प्रतीक्षा कर रहा है। पीएससी को नए भवन में स्थापित करने मामले को ले



प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि हैंडोवर लेने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम नए बिल्डिंग में जाने की तैयारी कर रही थी।लेकिन तब तक बिल्डिंग के मुख्य दरवाजे पर सौ मीटर दुरी में रास्ते को मिट्टी डाल अवरूद्ध कर दिया गया है। जिससे नए भवन में आने जाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। मामले की लिखित जानकारी अंचलाधिकारी को प्रदान की गई है। अवरूद्ध हुए रास्ते का समाधान निकालने के बाद हीं पीएचसी उक्त भवन में जा पायेगा। मामले में अंचलाधिकारी तारूलाता ने बताया कि आगामी बुधवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में उक्त रास्ते के विवाद व मिट्टी डाल अवरूद्ध किए जाने की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## 67 वीं बीपीएससी परीक्षा में एसडीएम पद पर चयनित ऋषिकेश के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज शहर के शिक्षा क्षेत्र में सोमवार को ख्याति प्राप्त डॉ. नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के परिसर में 67 वीं बीपीएससी परीक्षा में एसडीएम पद हेतु चयनित ऋषिकेश तिवारी के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र मिश्रा एवं संचालन मॉडल चिल्ड्रन स्कूल के निदेशक मोहम्मद अयूब खान ने की। तत्पश्चात अभिनंदन समारोह के दौरान एसडीएम पद हेतु चयनित ऋषिकेश तिवारी को उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र मिश्रा ने फूलमाला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। साथ ही साथ प्राचार्य ने उनके साथ आए हुए वरिष्ठ पत्रकार उनके पिता डॉ ओमप्रकाश तिवारी, मां सुमन



लता, चाचा शिक्षक आनंद तिवारी एवं मामा दुर्गेश तिवारी को भी फूलमाला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। साथ ही मॉडल चिल्ड्रन स्कूल के निदेशक मोहम्मद अयूब खान ने भी ऋषिकेश तिवारी को फूलमाला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित उक्त महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी ऋषिकेश तिवारी को फूलमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र मिश्रा ने कहा कि अगर इंसान चाहे तो पत्थर पर भी दूब जमा सकता है। जिस इंसान में सच्ची लगन और ईमानदारी हो तो वैसे व्यक्ति अपने मंजिल को आसानी से हासिल कर लेते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के छात्राओं से कहा कि एसडीएम पद हेतु चयनित ऋषिकेश तिवारी ने सच्ची लगन एवं कड़ी मेहनत से इस सफलता को अर्जित की है जो काबिले तारीफ है।

## केविके बिक्रमगंज में प्राकृतिक खेती पर चार दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज रोहतास के परिसर में प्राकृतिक खेती पर चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर शोभा रानी के द्वारा किया गया। डॉ. शोभा रानी ने अपने उद्घाटन समारोह में किसानों से निवेदन किया कि आप प्राकृतिक खेती को समझें एवं खेती में वैसे सामग्री का प्रयोग करें जिससे आपकी आवश्यकता की आपूर्ति हो सके और प्रकृति का नुकसान भी न हो।




जिसके लिए देशी गाय के गोबर और गोमूत्र से बने बीजामृत व जीवामृत का उपयोग करें तथा खाद और कीटनाशी इत्यादि का प्रयोग न करना पड़े। वैज्ञानिक डॉ रामाकान्त सिंह ने प्राकृतिक खेती की अवधारणा एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षित किया। वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने आज के परिवेश में प्रकृति उत्पाद का प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के सहकर्मी प्रवीण कुमार, हरेंद्र कुमार, अभिषेक,सुबेश सहित किसान लालबाबू,धनंजय सिंह,अर्जुन सिंह सहित 30 किसान उपस्थित थे।

## तीन अपराधियों के साथ चोरी का तीन मोटरसाइकिल जब्त

**के०के०दुबे, वरीय सवांददाता**
**दैनिक समाज जागरण दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के भानस थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न जगह छापामारी का तीन चोरी के मोटरसाइकिल के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। भानस पुलिस को सूचना मिली थी कि चिल्हरूआं गांव में एक व्यक्ति के पास चोरी का मोटरसाइकिल है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को थाना क्षेत्र के चिल्हरूआं गांव से विनोद कुमार सिंह के पुत्र विनय कुमार सिंह को गिरफ्तार किया तथा उसके पास से पैशन एक्स प्रो चोरी का मोटरसाइकिल भी बरामद हुआ है। ओपीध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि सख्ती के साथ विनय कुमार से पूछताछ में अन्य दो अपराधियों के बारे में पता चला जिसके आधार पर पुलिस ने दिनारा में छापामारी कर दशरथ प्रसाद के पुत्र पियूष गुप्ता को तथा श्रीनिवास केसरी के पुत्र सोनू केसरी को गिरफ्तार किया है। पीयूष कुमार के पास से चोरी का सुपर स्प्लेंडर तथा सोनू केसरी के पास से स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। ओपीध्यक्ष ने बताया कि मोटरसाइकिल के इंजन एवं चेचिस नम्बर के आधार पर छानबीन किया जा रहा है।

## दिनदहाड़े बाइक ले उड़े चोर, पीड़ित ने दर्ज कराया अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

**के०के०दूबे,वरीय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण दिनारा रोहतास**

बाइक चोरों के हौसले इतने बुलंद होते जा रहे हैं कि अब वे भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी दिनदहाड़े बेखौफ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं। जहां रोहतास जिला स्थित दिनारा नेशनल हाईवे पर स्थित कृष्णा हार्डवेयर दूकान के सामने रविवार को सुबह आठ बजे खड़ी एक बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के खैरा भुधर गांव निवासी सत्यनारायण नट का पुत्र अनिल कुमार नट अपनी बाइक एचएम 2 हीरो एचएफ डिलक्स जिसका बाइक नम्बर संख्या-बीआर 45 सी 9859 से दिनारा बाजार घर का रंगरोगन के लिए पेंट खरीदने आया था। नेशनल हाईवे सड़क पर स्थित कृष्णा हार्डवेयर दूकान पर



बाइक खड़ी कर दूकान के अंदर पेंट लेने गया तो इसी बीच चोरों ने उसकी बाइक उड़ा ली। अनिल अपना समान खरीदकर जब दूकान से बाहर आया तो देखा कि मेरा बाइक नहीं है,आनन-फानन में पीड़ित द्वारा इधर-उधर काफी देर तक खोजबीन किया गया लेकिन कहीं भी कुछ भी पता नहीं चल सका। वहीं बाइक गायब होने के बाद पीड़ित अनिल कुमार नट ने थाने में लिखित आवेदन देने की बात कहते हुए बताया कि मैं घर का रंगरोगन कराने के लिए पेंट खरीदने दिनारा पहूंच कर कृष्ण हार्डवेयर दूकान के अन्दर गया, पेंट लेकर जब वापस आया तो देखा कि बाइक गायब है। आस-पास के लोगों से पुछताछ की लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। जिसकी शिकायत के लिए उन्होंने अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन दिया है।

## बिहटा औरंगाबाद रेलवे परियोजना के लिए चल रहे अनिश्चित कालीन आमरण अनशन हुआ समाप्त

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित बिहटा मोड़ चौराहे पर बिहटा -औरंगाबाद रेलवे परियोजना शुरू करने के लिए पिछले आठ दिनों से चल रहे आमरण अनशन रेलवे अधिकारी के आश्वासन पर सोमवार को समाप्त हो गया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज के बिहटा मोड़ पर बिहटा औरंगाबाद रेलवे लाइन परियोजना की शुरूआत कराने की मांग को



लेकर बिहटा औरंगाबाद रेलवे संघर्ष समिति के कार्यकताओं ने पिछले आठ दिनों से आमरण अनशन पर बैठे थे। जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियो, सामाजिक कार्यकताओं तथा व्यवसायियों सहित जनता का पूर्ण सहयोग मिल रही थी।इसके बावजूद भी रेलवे पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर नही गया। लेकिन पिछले दो दिनों से अनशनकारियों की तवियत बिगड़ने लगी तो सोमवार को पूर्व रेलवे के महेंद्रू के मुख्य अभियंता आशुतोष मिश्रा अनशन स्थल पर पहुंचे। जहां स्थानीय सह पाटलिपुत्रा लोक सभा के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव तथा स्थानीय पालीगंज बिधायक सन्दीप सौरभ के मौजूदगी में अभियंता आशुतोष मिश्रा ने आश्वाशन दिया कि वर्ष 2024 के जनवरी फरवरी माह में डीपीआर तैयार कर परियोजना का आरम्भ करवाई जाएगी। इस कार्य में मुझसे जितना हो सकेगा सहयोग करूँगा। वही अभियंता आशुतोष मिश्रा के आश्वाशन पर अनशन कारियों ने आठ दिनों से चल रहे अनशन को समाप्त किया।

मौके पर बिहटा औरंगाबाद रेलवे परियोजना निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक चन्दन वर्मा, पालीगंज मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष आनन्द कुमार यादव, जवाहर प्रसाद गुप्ता, बिधायक सन्दीप सौरभ, सांसद रामकृपाल यादव व पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रोफेसर विनय सोरेन को उनके योगदान के सत्ताईस वर्ष पूरे होने पर कुलसचिव डॉ.घनश्याम राय ने दिया शुभकामनाएं

**समाज जागरण पटना।**

पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के कुलसचिव डॉ.घनश्याम राय ने सोमवार को अपराह्न स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग, पटना विश्वविद्यालय, पटना के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनय सोरेन को उनके योगदान के सत्ताईस वर्ष पूरे होने पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मालूम हो



कि आज ही के दिन यानी 06 नवंबर 1996 को उन्होंने लेक्चरर (असिस्टेंट प्रोफेसर) के पद पर योगदान दिया था। इस अवसर पर विभाग के अन्य सदस्य प्रोफेसर सीमा प्रसाद, प्रोफेसर राकेश रंजन, प्रोफेसर कामेश्वर पंडित (पीएमआईआर विभाग), सहायक मोहम्मद अलाउद्दीन उपस्थित थे।

## स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए चयन सूची जारी, नामांकन 6 नवंबर से

**समाज जागरण मधेपुरा।**

बीएनएमयू में स्नातकोत्तर (सत्र 2023- 25) प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए प्रथम चयन सूची जारी कर दी गई है। डीएसडब्ल्यू प्रो. राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रथम सूची के आधार पर 6 से 11 नवम्बर तक नामांकन होगा।

## बथनाहा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

**समाज जागरण अररिया।**

बथनाहा ओ० पी० पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। वहीं सिमराहा ओ० पी० पुलिस द्वारा सिमराहा ओ० पी० कांड संख्या - 343/23, दिनांक झ 18/04/23 (हत्या कांड) के अभियुक्त - मो० साजिद, पे० - स्व० काबिल सा० - बोकरा, थाना- सिमराहा, जिला अररिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया




इधर प्राप्त सूचना के अनुसार जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल के साथ 1 चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया । जबकि पुलिसिया कार्रवाई के दौरान नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा 10 लीटर देशी शराब के साथ 03 अभियुक्त धराया। तीनों को न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

## नरपतगंज पुलिस को मिली कामयाबी,अपहर्ता एवम अपहृत को किया सकुशल बरामद

**समाज जागरण अररिया।**

जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा चोरी की मोटर साइकिल के साथ 1 चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया जबकि नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा 10 लीटर देशी शराब के साथ 03 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। इधर नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा नरपतगंज थाना कांड संख्या-639/23 की अपहर्ता को सकुशल बरामद किया गया वहीं नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा नरपतगंज थाना कांड संख्या-390/23,626/23 व 642/23 के अपहृत को भी सकुशल बरामद करने में उन्हें कामयाबी मिली।



## मुकेश मिलन बने बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष

### प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नए कमिटी का हुआ गठन

**समाज जागरण सहरसा।**

रविवार को रक्तकाली चौसठ योगिनी धाम सहरसा में बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई जिसमे पुराने समिति को भंग कर नए समिति का गठन हुआ ।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जहानाबाद के ब्रजेश मिश्रा ने सहरसा के मुकेश मिलन को बिहार के अध्यक्ष पद का दायित्व देकर त्यागपत्र दिया जिसे बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा तालियों और माला पहनाकर समर्थन दिया गया ।

प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मिलन ने कहा कि आपलोगों ने मुझे जो सम्मान दिया है वो मेरे लिए चिरस्मरणीय है और मैं सत्यनिष्ठा से इस पद की गरिमा को बनाए रखूंगा साथ ही इससे पूर्व भी वर्ष 2011 में संगीत शिक्षकों की बहाली में सरकार से चरणबद्ध सत्याग्रह आंदोलन कर एवं ज्ञापन,धरना और रैलियां निकालकर एतिहासिक सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सरकार द्वारा पद सृजित करवाकर संगीत शिक्षकों की बहाली कराने का काम किया है । आगे भी इस संगठन के लोग द्वारा सत्याग्रह आंदोलन और संवैधानिक नियमों के तहत ही कार्य किया जाएगा और आशा है जीत भी मिलेगी हमे ।

प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मिलन



ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा और माननीय विधान परिषद के सदस्य नवल किशोर यादव से आग्रह किया कि इस संगठन में अभिभावक के तौर पर संरक्षक पद ग्रहण कर हमे मार्गदर्शन दें,तत्पश्चात दोनो के द्वारा संरक्षक पद स्वीकार करने पर सदस्यों ने तालियों से इसका समर्थन किया ।

बैठक में संपूर्ण बिहार से आए सैंकड़ों सदस्यों के समक्ष नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा नई प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया गया जिसमे मधेपुरा से प्रदेश सचिव मोहम्मद आलम उर्फ मुन्ना,सुपौल से प्रदेश कोषाध्यक्ष जयकृष्ण कुमार, प्रदेश महिला प्रमुख उषा मंडल, प्रदेश संयुक्त सचिव संजीव झा,प्रदेश महासचिव अंगद कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री त्रिभुवन कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य नरसिंह कुमार,सोनू कुमार,उत्तम कुमार,धीरेंद्र कुमार,राहुल कुमार, रूबी कुमारी,अनिल कुमार,संजय प्रेम दीवाना, अभय शर्मा, राकेश कुमार,सुमन कुमार के अलावा पांच निगरानी समिति के सदस्य मनोनीत किए गए जिसका सभी सदस्यों ने जोड़दार समर्थन किया ।

## 75 प्रतिशत उपस्थिति नहीं रहने पर कर दिया जाएगा परीक्षा फार्म भरने से वंचित: डा. अशोक पाठक

*वैसे छात्र छात्राएं जो लगातार तीन दिनों तक महाविद्यालय में अनुपस्थित रहेंगे तो वैसे छात्रों को देना होगा स्पष्टीकरण*

**समाज जागरण अररिया।**

अररिया महाविद्यालय अररिया में नामांकित सभी छात्र - छात्राओं को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने लिखित एवम मौखिक सूचना दिया कि महाविद्यालय में पठन पाठन का कार्य सुचारू रूप से जारी है । वर्ग कक्ष में सभी छात्र - छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य । बिहार सरकार के पत्रांक 15/टक



245/2023-3807 दिनाँक 14/10/2023 एवं पूर्णिया विश्वविद्यालय के निदेर्शानुसार महा-विद्यालय में 75 प्रतिशत उपस्थित अनिवार्य है । 75 प्रतिशत उपस्थित नही रहने पर परीक्षा फार्म भरने से वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही वैसे छात्र छात्राएं जो लगातार तीन दिनों तक महाविद्यालय में अनुपस्थित रहेंगे तो वैसे छात्रों को स्पष्टीकरण देने होंगे। स्पष्टीकरण संतोषप्रद नही रहने पर उनका नामांकन रद्द हो जाएगा।

विदित हो कि अररिया कालेज में कक्षा ग्यारह से स्नातकोत्तर तक कि पढ़ाई विधिवत चल रही है । सभी अभिभावक नियमित रूप से अपने बच्चों को अध्ययन हेतु महाविद्यालय भेजें।

## परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पं.अजय झा को पितृ शोक

### *परमधाम गए बाबा प्रोफेसर विष्णु देव झा , निधन पर शोक की लहर*

**समाज जागरण अररिया।**

परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पण्डित अजय झा के पिता प्रोफेसर विष्णु देव झा नहीं रहे उनके निधन पर सीमांचल व मिथिलांचल के लोगों के बीच जहां शोक की लहर है वहीं उनके अन्तिम दर्शन एवम जिज्ञासा हेतु उनके हवेली पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ी है।

इधर अररिया विधान सभा सीट से एन डी ए के प्रत्याशी रहे राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सह चर्चित समाजसेवी पण्डित अजय झा के पिता प्रोफेसर विष्णु देव झा का निधन से जिले भर शोक की लहर, निधनोपरांत स्थानीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह सहित सैकड़ों की



संख्या में सामाजिक व राजनीतिक दिग्गज आश्रम चौक स्थित उनके निज आवास पहुंचकर दिवंगत विष्णु बाबू को अंतिम दर्शन किया।दिवंगत के दाह संस्कार हेतु जिला मुख्यालय से उनके निज ग्राम सि-रसिया ले जाया गया।जहा परिवार जनों सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने अंतिम दर्शन किया। वहीं के एन डिग्री कॉलेज बखरी कुसाकांटा के प्रिंसिपल प्रो. त्रिलोक नाथ झा, पैनोरमा ग्रुप के निदेश-ाक संजीव मिश्रा,एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा, भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव, भाजपा सीमांचल के चाणक्य प्रेम कुमार मिश्रा सहित परशुराम समाज से जुड़े कई सामाजिक लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया।

## प्रथम पुण्य तिथि पर याद किए गए भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले दिवंगत जगदीश प्रसाद यादव

**समाज जागरण ग्वालपाड़ा।**

सेवानिवृत शिक्षक समाजसेवी भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले स्व.जगदीश प्रसाद यादव की प्रथम पुण्यतिथि उनके झंझरी निवास पर मनाई गई जिसकी अध्यक्षता किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह ने की।अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि जगदीश बाबू सच्चे एवं अच्छे शिक्षक थे उन्होंने अपने जीवन में हजारों छात्रों को देश के सच्चे नागरिक एवं अच्छे नागरिक बनाने में अपनी महती भूमिका निभाई।इंटक जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि आदरणीय पुज्य मास्टर साहब के लिए मैं बस इतना ही कहूंगा कबीर दास की एक पंक्ति है



ज्यो कि त्यों धर दिन्हि चदरिया, ऐसा शिक्षक हर छात्र को दे यही मेरी उनके प्रति श्रद्धांजलि है। इस मौके पर जदयू नेता शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि उनके बताए राह पर चलकर आज समाज को सही दिशा एवं दशा प्रदान किया जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन ,कटिहार मे-डिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर पूजा भारती , डॉ मनोज कुमार ,डॉ मिथिलेश कुमार ,डॉ एस के संत, डॉ एके मिश्रा,डॉ इन्द्र भूषण कुमार, संतोष कुमार यादव, रामकृष्णयादव, मोमुनिफउद्दिन, मोख्वाजा, प्रभुयादव, रामलखन यादव, कुंदन कुमार सिंह उर्फ कुलकुल सिंह, सौरभ झा सौरभ कुमार सिंह हीरा ठाकुर सुनील कुमार सिंह उर्फ कंपनी सहित अन्य आगत अतिथियों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## अनुदान भुगतान रोकने की साज़िश बर्दाश्त नहीं : फैक्टनेब

### बकाया अनुदान शीघ्र भुगतान कर वेतनमान निर्धारित करे सरकार ,अन्यथा पठन पाठन होगा ठप्प

**समाज जागरण पटना/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

कॉलेज सेवा आयोग व चयन समिति द्वारा चयनित एवं अनुशंसित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग पच्चीस हजार शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उच्च शिक्षा में बेहतर परिणाम देने के बावजूद भुखमरी और रोगग्रस्त जीवन को मजबूर हैं एवं करो या मरो की स्थिति में है।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) की कोर कमिटी की बैठक आर. ब्लॉक में सोमवार को डा. रामनरेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक की निर्णय की जानकारी देते हुए राज्य मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि संबद्ध डिग्री महा-विद्यालयों के शिक्षाकर्मी का शैक्षणिक सत्र 2014-17 से 2021-23 (कुल सात शैक्षणिक सत्र)तक का पर-ीक्षा परिणाम आधारित मिलने वाली अनुदान राशि बकाया है जबकि शिक्षा विभाग द्वारा नित्य नयी - नयी जांच प्रक्रिया की अव्यवहारिक कार्रवाई कर सात शैक्षणिक सत्रों का बकाया अनुदान रोकने की साज़िश की जा रही है , जिसे संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षाकर्मी बर्दाश्त नहीं करेंगे। फैक्टनेब की ओर से विधानसभा सत्र के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपेंगे।

नवंबर के अंतिम सप्ताह में राज्य समिति की विस्तारित बैठक आहूत कर आगे का आन्दोलनात्मक कार्यक्रम निर्धारित किया जायेगा।

प्रो नसीम रेजा खान,प्रो सत्येन्द्र शर्मा, डा प्रमोद कुमार, डा रघुवंश प्रसाद सिंह, प्रो सुमन्त कुमार आदि ने संबोधित किया।

बैठक में संकल्प लिया गया कि समस्त बकाया अनुदान शीघ्र भुगतान कर सम्मान जनक वेतनमान निर्धारित कर प्रतिमाह भुगतान किया जाये, अन्यथा हम पठन पाठन पूर्ण रूप से ठप्प कर दिया जाएगा।

## अररिया आरटीओ ऑफिस में काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

### बेल्ट्रॉन के माध्यम से सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों ने विभागीय सेवा समायोजन की रखी मांग

**समाज जागरण अररिया ।**

अररिया आरटीओ ऑफिस में बिहार राज्य डाटा इन्ट्री/कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ, बिहार राज्य के तत्वाधान में जिला शाखा अररिया के द्वारा छः दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके तहत बेल्ट्रॉन के माध्यम से स-रकारी कार्यालयों में कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, आईटी ब्यॉज, गर्ल्स के द्वारा "विभागीय सेवा समायोजन की मांग सरकार से की गयी है।

संघ के जिलाध्यक्ष श्री नवीन कुमार निराला द्वारा बताया गया कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से करीब 25 वर्षों से हमारी सेवा विभिन्न कार्यालयों/विभागों में ली जा रही है। हमलोग लगभग 20,000 की संख्या में सरकार के आईटी एवं विकास कार्यों में सरकार के सभी कार्यों में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते आ रहे है। इसके बावजूद हमे आउटसोर्सिंग की श्रेणी में रखा गया है। सरकार हमारी एक मांग विभागीय सेवा समायोजन पूरी करें। इसके तहत



दिनांक 11 नवम्बर 2023 तक काला बिल्ला लगाकर सभी कार्यालय में काम किया जाएगा। इस-ाके बावजूद भी सरकार हमारी मांग पूरी नही करती है तो चरणबद्ध आंदोलन करते हुए दिनांक- 28 एवं 29 नवम्बर, 2023 को सामूहिक अवकाश दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर सभी बेल्ट्रॉन के माध्यम से प्रतिनियुक्त कर्मी चले जाएंगे।

यदि उपरोक्त कार्यक्रम के बाद भी हमारी मांग "विभागीय सेवा समायोजन" को नहीं मानी जाती है तो हमलोग बाध्य होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

इस अवसर पर जिला संघ से जिला सचिव मो. हुमायु रहमान, जिला मनोज कुमार मंडल, जिला कोषाध्यक्ष ललन कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रभारी सह जिला प्रवक्ता संतोष कुमार साह, रजनीश कुमार वर्मा, राजीव रंजन, नौमान, निम्मी कुमारी, ब्रजेश कुमार, राजकुमार स-ाफी, बिरेन्द्र कुमार, राम कुमार. कृष्ण मोहन, योगेश, लखन, ऋषभ, विकास मेहता, मंगल कुमार, बबलू कुमार, विकास कुमार सहित सभी प्रखंडों के डाटा एंट्री ऑपरेटर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## नबीनगर के बीडीओ विशेष प्रशिक्षण पर गए प्रशिक्षु बीडीओ सुगंध सौरभ ने संभाली कमान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 6 नवंबर 2023 नबीनगर के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह आज से एक माह के विशेष प्रशिक्षण में चले गए है उनके स्थान पर प्रशिक्षु बीडीओ सुगंध सौरभ द्वारा नबीनगर प्रखंड का बीडीओ के रूप मे पद भार ग्रहण कर लिया गया है। नए प्र-खंड विकास पदाधिकारी ने 221 नबीनगर विधान सभा के सभी बीएलओ के साथ अर्जेंट बैठक किया गया।बैठक में 12 बिंदु पर रिपोर्ट जमा लिया गया।बैठक में जो बीएलओ उपस्थित नही हुए वैसे बीएलओ पर विभागीय करवाई की



जाएगी। कुछ दिन पूर्व विशेष कैंप लगाया गया था उसका प्रतिवेदन मांगा गया कुछ बीएलओ द्वारा प्रतिवेदन जमा नहीं किया गया जिसपर खेद जताया गया।बैठक मे बताया गया कि कल जिला में मगध के कमिश्नर द्वारा सभी प्रतिवेदन की जांच किया जायेगा।दिनांक 7.11.2023 को 222 कुटुंबा विधान सभा के सभी बीएलओ का बैठक बुलाई गई है।

## नबीनगर थाना परिसर मे दीपावली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 6 नवंबर 2023 नवीनगर थाना परिसर में दीपावली और छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार यादव ने किया जबकि संचालन थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने किया। बैठक मे प्रभारी बीडीओ,जनप्रतिनिधियों ,छठ पूजा समिति के सदस्यों के अतिरिक्त अन्य गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया। बैठक में शांति पूर्वक त्योहार आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते थानाध्यक्ष मनोज कुमार पान्डेय ने कहा कि छठ पूजा में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। किसी भी हाल में छठ पूजा के मौके पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो ।थानाध्यक्ष ने कहा कि दीपावली के अवसर पर लक्ष्य पूजा राव अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आयोजको को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बैठक मे छठ पूजा के अवसर पर की छठ सेवा समिति द्वारा की जा रही तैयारियों को भी थानाध्यक्ष ने जानकारी लिया और कहा की आयोजको को छठ पूजा के अवसर पर मेला लगाने के लिए प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।थानाध्यक्ष ने शांति समिति के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों को आश्वासन देते हुए कहा कि सभी बिंदुओं पर पुलिस की निगरानी रहेगी तथा पूजा के दौरान सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ाई जाएगी। अगर किसी जगह पर किसी प्रकार की घटना घटती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक को सम्बोधित करते नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी श्यामनंदन प्रसाद ने कहा कि आपसी समन्वय स्थापित कर छठ पूजा कर अच्छे नागरिक होने का सभी परिचय दें।उन्होंने लोगो से प्रेम पूर्वक व उत्साह के साथ त्योहार मनाने की बात कही। बैठक मे पदाधिकारियों द्वारा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा, एग्जिट एंट्री पॉइंट, वालंटियर की तैनाती समेत महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश कुमार सिंह प्रो सुनील बोस ,श्री श्याम बिहारी सिंह, संतन सिंह, शंकर प्रसाद रामानुज पांडे, रमजान अली,कुमार अवधेश सिंह ,उदय प्रताप सिंह, गुलाम मोहम्मद उर्फ मुन्ना,दरियादिल दरगाही,सुजीत कुमार, उदय गुप्ता समेत नगर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

## बेहद रोमांचक मुकाबले में क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का चैंपियन बना पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब

*अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सहरसा बनाम सुपौल के बीच मुकाबला खेला जाएगा*

*पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने चैंपियन बनें उड़िया कॉलेज टीम को बधाई दी और दो ना कि कर-कर आपको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि खेलों में एक टीम जीती है लेकिन दोनों ही टीम बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं। दोनों ही टीम के साथ - साथ पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में भाग लिए क्लब के प्रति आभार प्रकट किया*

**समाज जागरण पूर्णियां।**

पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 द्वितीय एवं तृतीय चरण के फाइनल मुकाबला जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में खेला गया।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्र-शिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लिए सभी क्लब को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी क्लब प्रतियोगिता में जमकर खेले यह बहुत बड़ी बात है।

सेमीफाइनल मुकाबला

प्रथम सेमीफाइनल मुकाबलाः-

न्यू ऑलराउंडर क्रिकेट क्लब बनाम पुणे कॉलेज क्रिकेट क्लब की बीच खेला गया । टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय न्यू ऑलराउंडर क्रिकेट क्लब ने लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पूणिया कॉलेज क्रिकेट




क्लब ने निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 59 रन बनाए। जिसमें शिशिर शेखर ने 15 गेंदों में 17 रन एवं आनंद ने 7 गेंदों में 10 रन की बेहतरीन पारी खेली।

न्यू ऑलराउंडर क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए मदन ने 2 विकेट,सालिक ने 1 विकेट प्राप्त किया।

60 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यू ऑलराउंडर क्रिकेट क्लब ने 8 ओवर में 6 विकेट खोकर मात्र 50 रन ही बना सकी। अदनान ने 15 गेंदों में 19 रन, मो बेबी ने 8 गेंदों में 10 रन का योगदान दिया।

पूणिया कॉलेज की और से गेंदबाजी करते हुए आनंद ने 3 विकेट, मोटू ने 1 विकेट प्राप्त किया।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला

विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम दोना क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या विहार आवासीय विद्यालय ने निर्धारित 8 ओवर में 2 विकेट खोकर 67 रन बनाए। जिसमें अमित ने 19 गेंदों में 27 रन , सरफराज ने 18 गेंदों में 21 रन का योगदान दिया।

दोना क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अप्पू सरकार ने 1 विकेट प्राप्त किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दोना क्रिकेट क्लब ने 7 ओवर 2 गेंदों में 4 विकेट खोकर 71 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। जिसमें प्रेम सिंह ने 13 गेंदों में 30 रन, अनुभव ने 11 गेंदों में 15 रन एवं विराज ने 11 गेंदों में 13 रन बनाए।

विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा की ओर से गेंदबाजी करते हुए विद्धू, मुकेश एवं राज सिंह नवीन ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।

फाइनल मुकाबला

============

पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब बनाम दोना कि-केट क्लब बनमनखी के बीच मुकाबला खेला गया।

बेहद ही रोमांचक मुकाबले में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 5 ओवर में 2 विकेट खोकर 35 रन बनाए। जिसमें विकास ने 14 गेंदों में 13 रन, शिशिर शेखर ने 7 गेंदों में 11 रन का योगदान दिया।

दोना क्रिकेट क्लब की और से गेंदबाजी करते हुए अप्पू सरकार एवं राजू सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दोना क्रिकेट क्लब बनमनखी ने 5 ओवर में 6 विकेट खोकर 34 रन ही बना सकी। पूर्णिया कॉलेज क्रिकेट क्लब ने फाइनल मुकाबला 1 रनों से जीत पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का चैंपियन बना।

बल्लेबाजी करते हुए अप्पू सरकार ने 15 रन एवं प्रेम सिंह 14 रन का योगदान दिया।

गेंदबाजी करते हुए पूणिया कॉलेज कि-केट क्लब की ओर मोदू ने 3 विकेट और आनंद ने 1 विकेट प्राप्त किया।

मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहे मो नैयर अली, बिमल मुकेश, सैयद जब्बार हुसैन, एस एस प्रसाद पिंटू, आदित्य कुमार सिंह, अनमोल कुमार सिन्हा थे। स्कोरर की भूमिका निभा रहे प्रिंस कुमार एवं उद्घोषक मो जाहीद आलम।

कल दिनांक 07/11/2023 को पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 का चौथा चरण का अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच सहरसा बनाम सुपौल के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

द्वितीय मैच

=========

गया बनाम भागलपुर के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

फाइनल मुकाबला के अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, मो मंजर मोहशिम, विजय कुमार श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार सिन्हा " गोपी", राजीव कुमार,बब्लू चौधरी , क्लब अध्यक्ष प्रमोद पंसारी, रितेश कुमार झा, आशुतोष कुमार, वेदांत कुमार के साथ - साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान की शुरूआत

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

जिला संवाददाता धनबाद (झारखंड):-06 नवंबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत लामी पत्र बस्ती से जन जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई असली पी एस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में जन जागरूकता अभियान की शुरूवात हुई,जिसमे पंचायत के अकबर अली अंसारी जी ने प्रचार प्रसार का संकल्प लिया और यह बताया कि मैं अपने पंचायत को स्वस्थ करूंगा और लोगों पुरानी चिकित्सा पद्धति की ओर लौटने का सलाह जरूर दूंगा।असली पीएस वेलनेस के प्रोडक्ट की गुणवत्ता को जन-जन तक जरूर पहुंचाएंगे इस अभियान में मुख्य रूप से अशोक कुमार मिश्रा एवं कैलाश चौधरी हर्षोल्लास के साथ जन जागरूकता अभियान को लोगों के बीच ले जाने का बीड़ा उठाया।



# टुंडी बरवा अड्डा मुख्य मार्ग पर फेंका जा रहा चिकित्सालय जांच का अपशिष्ट पदार्थ, ग्रामीणों मे संक्रमण का भय ।

*भुरसाबांक यज्ञ स्थल के शिव मंदिर में पूजा पाठ को लेकर प्रायः लोगो का शादी - विवाह यदि कार्यक्रमों में इस मार्ग से हजारों की संख्या में लोगों का हैं आना - जाना.*

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-06नवंबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत टुंडी बरवा अड्डा मुख्य सड़क के किनारे

टुंडी मुख्यालय से एक किलोमीटर दूर जंगलों में वन विभाग द्वारा बनाए गए खुले ट्रेंच में स्वास्थ्य जाँच / उपयोग किया हुआ अपशिष्ट सामग्री फेंका जा रहा है।



जिससे आसपास रहने वाले गाँव सहित उस राह से गुजरने वाले राहगीरों पर संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। उस राह से गुजरने वाले ग्रामीण इस तरह से खुले में अपशिष्ट स्वास्थ्य सामग्री फेंका हुआ देखकर भयभीत हैं।

यहाँ अस्पताल में उपयोग किया हुआ/ जाँच से जुड़ी डिस्पोजल सिरिंज, दस्ताने, स्वाब कलेक्शन इत्यादि से जुड़ी अपशिष्ट सामग्रीयों को प्लास्टिक वगैरह में लपेटकर खुले में फेंक दिया जा रहा है।

जबकि इसी रास्ते से होकर टुण्डी पुलिस - प्रशासन, प्रखण्ड अधिकारी, वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी व कर्मी गुजरते हैं लेकिन किसी का भी ध्यान अबतक इसकी ओर नहीं गया है। जिस वजह से लोगों में अब विरोध के स्वर उभरने लगे हैं।

# बिखरे हुए समाज को एक सुत्र में जोड़कर चलाने का संकल्प लिया गया

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 6 नवंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम कीतोड-ीह के हरिजन टोला मे एक बैठक किया गया । बैठक का उदेश्य हरिजन समाज मे अलग - अलग रहकर बिखराव में पड़े लोग को एक सुत्र मे पिरोकर हरिजन समाज को जोडते हुए मजबूती प्रदान दिया जाय।समाज के सभी नवजवान एवं महिला, पुरुषों ने जोर देकर कहा कि हमसब एक होकर अपने समाज को मजबूत करके चलाऊॅगा । बैठक के मुख्य अतिथि पं०स० स०प्रतिनिधि ताज अंसारी , जलील अंसारी , ईमानी अंसारी , सौकत अंसारी , मुस्लिम अंसारी , सुरेंद्र राम , मुकेश राम , लखन राम , लोकण राम , लखन राम, तथा सैंकडों हरिजान समाज के महिला पुरुष मिलकर संकल्प लिए जिसमें अध्यक्ष तिलक राम, सचिव लोकान राम, एवं सदस्य भुनेश्वर राम, तथा अन्य को चुना गया।



# वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान के निधन पर पत्रकारों ने किया शोक सभा का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 06 नवंबर 2023:- जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभा कक्ष में जिले के वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।



जिसमे जिला के विभिन्न अखबार, टी वी चैनल एवं यू ट्यूब के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

निर्भीक ,निष्पक्ष पत्रकारिता एव ईमानदार व्यक्तित्व के रूप में चर्चित पहचान थी।

इस मौके पर दिवंगत पत्रकार रामप्रसाद तुलस्यान के कार्यकाल एवम् मीडिया जगत में उनके योगदान को याद किया गया तथा उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया की इस दुख के बेला भगवान उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति दे।

शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार शंभू साहू, नौशाद आलम, दीनबंधु , प्रवीण रस्तोगी, सुनील कश्यप,जफर परवेज, विपिन सिंह, सूर्यकांत कमल, रवि कुमार, मो लकी, गौतम सिंह, रूपेश सिंह उपस्थित थे '

# महिलाओं के स्वावलंबी होने से समाज का विकास होता है - धर्मजीत सिंह

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

झरिया / तिसराझस्वावलंबी स्वरोजगार सोसाइटी द्वारा बलियापुर प्रखंड के भागारामपुर गांव में मुफ्त सिलाई प्रशिक्षण पुरा होने पर माताओं बहनों के बीच सोमवार को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मजीत सिंह ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी होना बहुत ही आवश्यक है. आत्मनिर्भर होकर महिलाएं समाज का विकास करती है .महिलाएं पुरुष के मुकाबले किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है. घर के काम के साथ बाहर में भी आमदनी कर परिवार का विकास में सहयोग करते हैं.मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्री रति रंजन गिरि, बलियापुर पश्चिमी महामंत्री श्री बिरंची सिंह,श्री सुनील मोदक,श्री प्रदीप सिंह,श्री सुरेश चंद्र दशोंधी,श्री अर्जुन सिंह ,श्री प्रदीप सिंह,श्री बंटी सिंह ,श्री युधिष्ठिर रवानी,कार्तिक मिश्रा मौजूद थे



# टुण्डी डिग्री कॉलेज में स्नातक की बची सीटों पर होगा नामांकन - -बीबीएमकेयू

*10 से कम सीट बचने वाले कोर्स में स्पेशल ड्राइव से नामांकन।*

*बीबीकेएमयू ने एडमिशन के लिए कोलेज को जारी किया नोटिस।*

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड);-06नवंबर 2023:जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत बीबीएमकेयू के अधीन धनबाद-बोकारो के 36 डिग्री कॉलेजों में स्नातक सेमेस्टर वन सत्र 2023-27 की बची हुई सीटों के लिए नौ नवंबर को चांसलर पोर्टल खोला जाएगा।

झारखंड यूनिवर्सिटी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 19 नवंबर है।

संबंधित कॉलेजों में वोकेशनल कोर्स में भी नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यह नामांकन फेज पांच के तहत होगा। बीबीएमकेयू ने शनिवार को जारी एडमिशन नोटिस में कहा कि महत्वपूर्ण यह है कि जिस कोर्स में 10 से कम सीटें खाली हैं, उन विषयों के लिए चांसलर पोर्टल पर आवेदन नहीं लिया जाएगा। इन विषयों में नामंकन के पूर्व चयन सूची को आधार बनाकर संबंधित कॉलेज के प्राचार्य स्पेशल ड्राइव फॉर्म के माध्यम से नामांकन लेंगे।



फेज पांच के तहत उन्हीं विषयों के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिनमें वेटिंग डेटा नहीं है या अब तक हुए नामांकन के बाद बची स्वीकृत सीट से कम है। ऐसे चयनित छात्र भी आवेदन कर सकते हैं, जो किसी कारणवश अब तक नामांकन नहीं ले सके हैं। इस प्रक्रिया यानी फेज पांच से परीक्षा कैलेंडर प्रभावित नहीं होगी। कागजात सत्यापन के समय अभ्यर्थी को माइग्रेशन सर्टिफिकेट और सीएलसी की मूल प्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। इसके लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

पीजी की खाली सीटों पर मार्क्स के आधार पर नामांकन पीजी की खाली सीटों के लिए भी नौ नवंबर को चांसलर पोर्टल को खोला जा रहा है। 19 नवंबर तक पोर्टल खुला रहेगा। यह फेज तीन एडमिशन के नाम से जाना जाएगा। नामांकन यूजी के मार्क्स के आधार पर होगा। पीजी फेज वन व फेज टू के चयनित छात्रों की नामांकन तिथि सात नवंबर तक बढ़ा दी गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो बीबीएमकेयू से सीबीसीएस सिलेबस से पास हुए हैं। वे कोर व डी एस ई के योग को पूर्णांक 1800 में प्राप्तांक को भरेंगे। जनरल कोर्स से पास होने वाले पूर्णांक 2100 में प्राप्तांक को भरेंगें ।

# बाल संरक्षण कानून को शक्ति से पालन करते हुए , समाज में जागरुकता बढाने कि सपथ

गिरिडीह (झारखंड) 6 नवंबर 2023 :- जिला प्रशासन, समाज कल्याण, जिला बाल संरक्षण ईकाई , बनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह द्वारा बाल विवाह, महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से +2 उच्च विद्यालय, बगोदर तथा खंभरा एवं प्रखंड संसाधन केंद्र, बगोदर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के दो हजार छात्र छात्राओं ने भाग लिया । बनवासी विकास आश्रम के उत्तम कुमार, ओमप्रकाश, भागीरथी देवी, राजकुमार द्वारा बाल विवाह, महिला एवं बच्चों का शोषण, हिंसा एवं पोक्सो कानून के बारे में जानकारी दिया गया । चर्चा के दौरान कहा गया कि बाल विवाह कानून अपराध के साथ साथ सामाजिक बुराई भी है । बाल विवाह रोकने के लिए कानून में सजा एवं जुमार्ना का प्रावधान किया गया है । बाल विवाह एवं बाल शोषण को रोकने के लिए गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है और पदाधिकारियों को भी नियुक्त करवाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी के रूप में विशेष दायित्व दिया गया है । बाल विवाह रोकने के लिए सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, स्पॉन्सरशिप सहित कई योजनाएं चलाई जा रही है। बाल विवाह, महिला एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सभी आगे आकर अपनी अपनी भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ।



कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी, बगोदर एवं सीआरपी, विद्यालयों के प्रधानाध्यापकगण आदि का काफी सराहनीय योगदान रहा।

# इतनी बड़ी आबादी वाले बेलगड़िया कॉलोनी में सिर्फ एक तालाब पर पानी नहीं कूड़ा कचड़ा से भरा हुआ है - सीमा देवी

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

बलियापुर : पलानी पंचायत अंतर्गत बेलगड़िया मतलब एक तरह से कह सकतें है न घर का न घाट का , या फिर कह सकते है सभी लाभो से वंचित लोग , आपको बता दे की बेलगड़िया को झरिया विसथापित कॉलोनी भी कहा जाता है ।

**बेलगडिया में तालाब तो है पर पानी नहीं इसका मतलब जाने**

जी है लगभग 8000 आबादियों का बेलगड़िया कॉलोनी में एक तालाब है जिसमे आपको पानी की जगह प्लास्टिक, कांच का बोतले, कूड़ा कचड़ा का ढेर देखने को मिलेगा । इधर महापर्व छठ पर्व नजदीक में है हजारों की संख्या में महिलाएं छठ पर्व करती है , लेकिन तालाब का हाल ऐसा होने से लोग छट पर्व करे तो करे कैसे? इस पर्व में तालाब का अहम रोल रहता है । ये तो हुई छट पूजा की बात लेकिन इसके अलावे जितिया पर्व , टुसू, या फिर मुंडन के बाद घाट उठना और भी कई सारे अलग अलग समुदाय के लोग अपने धर्म के अनुसार तालाब का उपयोग करते है ।



वहीं के पूर्व मुखिया सीमा देवी का कहना है कि तालाब के आमने-सामने तीन-चार मोटर पंप है जिसमें रात में अगर नियमित रूप से चला दिया जाए तो तालाब में पानी की समस्या का उपाय हो सकती है और जेरेडा अपने माध्यम से जेसीबी और कुछ मजदूर को लाकर घाट की सफाई करवाये क्योंकि हर एक बार हम लोग किसी न किसी समाजसेवी के ऊपर निर्भर रहते हैं तभी पूजा संपन्न हो पाती है इस पर जेरेडा के अधिकारी ध्यान दें अन्यथा हम सभी विस्थापित लोग महिला, पुरुष, बूढ़े , बच्चे बृहद आंदोलन करने में बाध्य होंगे । मौके पर अशोक रवानी वार्ड मेंबर गीता देवी राधा देवी मुन्नी देवी कांति देवी अनीता देवी रेखा देवी मंजू देवी शीला देवी बबिता देवी दीपक भुइया संतोष कुमार राहुल कुमार पप्पू कुमार दिनेश पप्पू कुमार भुइया सिकंदर रजक पशु कुमार राजा कुमार तथा बहुत सारे महिला एवं युवक मौजूद थे

# तीन अंतर्राज्यीय अफीम तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल।

**एस पी के निर्देशन पर थाना प्रभारी अवर निरीक्षक परमानंद मेहरा ने नाटकीय ढंग से एक ट्रक डोडा लदा तीन तस्कर को गिरफ्तार करने में सफल हुआ।**

दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ

चतरा (झारखंड) 06 नवंबर 2023:- जिले के वशिष्ठ नगर(जोरी) थाना क्षेत्र के घंघरी में 16 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अफीम का ढोढा एवं चूर्ण बरामद किया गया एवं तीन अंतर्राज्यीय अफीम तस्करो को गिरफ्तार किया गया।पुलिस कप्तान चतरा राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुन्दा प्रखंड के ग्राम गेन्दा के सुनसान जंगल से अफीम तस्करों के द्वारा भारी मात्रा में ट्रक सं० आरजे 19जीएच-5442 में अफीम का डोडा एवं चूर्ण लोड कर-के राजस्थान ले जाने की योजना है। तत्पश्चात उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मु०) महोदय चतरा के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चतरा-डोभी पक्की सड़क के घंघरी चौक पर उक्त ट्रक को पकड़ा गया। इस संबंध में बशिष्ठनगर थाना कांड सं0-76/23, दिनांक 05.11.2023, धारा-414 भाद०वि० एवं 15(c)/18 (c) / 25/27 (ए)/28/29/30 एन०डी०पी०एस० एक्ट 1985 दर्ज किया गया है। शेष बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।



छापेमारी दल

1. पुलिस उपाधीक्षक (मु०.) चतरा श्री केदार नाथ राम ।
2. थाना प्रभारी परमानन्द मेहरा
3. स०अ०नि० शशिकान्त ठाकुर
4. स०अ०नि० आदित्य किशोर तिर्की
5. सैट-149 के सशस्त्र बल

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम

1. चालक मंगीलाल पिता जीवनराम ग्राम-सारनपुरा थाना जाम्बा जिला-फलोदी (राजस्थान)
2. उप-चालक भगवान राम पिता बरमल राम ग्राम-तेलसर थाना-बालेसर जिला - जोधपुर (राजस्थान)
3. खलासी घोला राम पिता चैना राम ग्राम-बासला थाना धोरीमना जिला बाडमेर (राजस्थान)

जप्त सामानो का विवरण

1. 16 चक्का ट्रक सं0-आरजे 19जीएच-5442
2. अफीम का डोड़ा 141 बोड़ा कुल वजन-30 क्विंटल
3. 05 स्मार्ट फोन
4. 10,000/- (दस हजार रूपया नगद ) जप्त किया गया।

# भाकपा माले सभी पंचायतों में आयोजित करेगी 'जन संवाद कार्यक्रम'।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 6 नवंबर 2023 :- (कोवाड़ में प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन )

गिरिडीह प्रखंड (ग्रामीण) की कमिटी का पुनर्गठन करते हुए इस क्षेत्र में पड़ने वाले गांडेय विधानसभा क्षेत्र के सभी 15 पंचायतों में 'जन संवाद कार्यक्रम' आयोजित करने का ऐलान कोवाड़ में भाकपा माले के सक्रिय कार्यकताओं की एक बैठक में किया गया। बैठक की अगुवाई मनोज यादव, संजय चौधरी, लोगन सोरेन, बबलू टुडू, सोबराती अंसारी, सदानंद स्वर्णकार आदि ने करते हुए कहा कि, सभी 15 पंचायतों में भाकपा माले को मजबूत किया जाएगा। कोडरमा क्षेत्र की जनता का भरोसा अब सभी पार्टियों पर से उठ चुका है। उनके लिए भाकपा माले ही एकमात्र विकल्प है।

वहीं, इस बाबत जानकारी देते हुए पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, भाकपा माले की जिला लीडिंग टीम की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में 'जन संवाद कार्यक्रम' शुरू किया जा रहा है, जिसमें पंचायत स्तर पर मजदूर-किसानों सहित आम अवाम की भागेदारी होगी और लोगों के सवालों पर चर्चा सहित संगठन की मजबूती और लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू की जाएगी। कहा कि, कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाकपा माले ही जमीनी स्तर पर मजबूत है और भाजपा को रोकने में सक्षम है। बैठक में भाकपा माले की गिरिडीह प्रखंड (ग्रामीण) की कमिटी का पुनर्गठन करते हुए 11 सदस्यीय नई तदर्थ कमिटी का चुनाव किया गया, जिसका सचिव सर्वसम्मति से मनोज कुमार यादव को चुना गया।



नवगठित कमिटी ने आगामी 9 नवंबर से खावा पंचायत के कोल्हरिया से 'जन संवाद कार्यक्रम' की शुरूआत करने का भी ऐलान किया।

मौके पर गठित 11 सदस्यीय तदर्थ कमिटी के सचिव मनोज कुमार यादव सहित संजय चौधरी, सदानंद स्वर्णकार, लोगन सोरेन, बबलू हांसदा, सोबराती अंसारी, दीपक वर्मा, धीरेंद्र राणा, राजेश मांझी, रियाज अंसारी, बालेश्वर सिंह आदि मौजूद थे, जबकि विकास गोस्वामी, संतोष यादव, कुलदीप मंडल, बालेश्वर यादव, दिनेश यादव, पंकज वर्मा, विकास वर्मा, शंभू तुरी, दीपक कुशवाहा, अशोक कोल, भोला महतो, बालेश्वर सिंह, चुरामन कोड़ा, मोहम्मद नियाज अंसारी, तुलसी प्रसाद दास, मंगल किस्कू, दुर्गा चरण साहू, विनोद कोड़ा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

# विवाह उन्मूलन एवं बाल शोषण मुक्त जागरुकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 6 नवंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में बाल विबाह उन्मूलन, बाल शोषण मुक्त, पर एक दिवसीय कार्यशाला की गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हमें बाल शोषण से जुड़े घटित घटनाओं का कारणों का पता लगाना होगा, तथा उसके रोकथाम के लिए प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सशक्त बनाने के लिए हमें सामुदायिक सहयोग से गांव स्तर पर जागरूकता लाने की जरूरत है। बच्चों को सशक्त बनाने के लिए जेएसएलपीएस, शिक्षा विभाग, स्वयंसेवी संस्थाएं अपने स्तर से कार्य कर रही हैं। सभी सरकारी कर्मचारीयों से आग्रह किया कि पंचायत स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर से चल रहा है , जो 14 नवंबर बाल दिवस के दिन समाप्त होगा। कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने कहा कि शैक्षणिक रूप से कमजोर तथा जागरूकता के अभाव में बाल हिंसा होती है। बाल मजदूरी कराना एक हिंसा है , और इसके रोकथाम आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रमुख सरजू साव, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, सुशील मंडल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, घनश्याम पाठक, मुखिया निर्मल कुमार, रामचंद्र यादव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बंशीधर राम, पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी, जेएसएलपीएस से रामगिरी प्रसाद, बिष्णुगढ़ थाना से सब इंस्पेक्टर नसीम अंसारी, समाधान संस्था से रश्मि कुमारी समेत सभी पंचायत के पंचायत सेवक तथा जनप्रतिनिधि शामिल थे।



# श्रम मंत्री ने 2 करोड़ 46 लाख 60 हजार के योजनाओं का किया शिलान्यास।

*मंत्री ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण।*

*पीड़ित परिजनों से किया मुलाकात,निष्पक्ष जाँच को लेकर दिया निर्देश।*

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 06 नवंबर 2023:- राज्य के श्रम एवं कौशल विकास मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर कुन्दा पहुंचे,इस दौरान मंत्री ने डीएमएफटी मद से स्वीकृत करोड़ो के योजनाओं को शिलान्यास किया।शिलान्यास के दौरान सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर मौजूद रहे।मंत्री ने कुन्दा में वन परिसर से खैरा तक पीसीसी पथ निर्माण, मेदवाडीह मांडर से हरिजन टोला तक पीसीसी पथ निर्माण समेत कई स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास किया।तत्पश्चात मंत्री ने प्रखंड कार्यालय परिसर में जरूरतमंदों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मंत्री अपने सम्बोधन में कहा की क्षेत्र के समुचित विकास व जरूरतमंदों को सहयोग करने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।जरूरत के हिसाब से नई-नई योजनाओं का चयन कर विकास की जा रही है,साथ ही उन्होंने कहा की जल्द सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत बच्चियों को सरकार साइकिल खरीदने के लिए उनके खाते में राशि भेजेगी ताकी उन्हें विद्यालय तक पहुंचने के लिए कोई बाधा उत्पन्न न हो।

मंत्री ने बाबा साहब भिमराव अम्बेडकर आवास,दीदी बाड़ी,पेंशन की स्वीकृति दिया गया।मंत्री ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत लाभुक किस्मतिया देवी को दो लाख रुपया का चेक दिया गया।साथ सखी मंडलो के बीच ऋण के रूप में पंद्रह लाख रुपये का चेक का वितरण किया।मंत्री ने कहा कि 15 नवंबर से प्रखंड कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा।शिविर में आवास,बिधवा पेंसन,छात्रवृति आदि योजना की जाएगी।मंत्री ने कहा कि जिसका जमीन नही है उसको भी आवास दिया जाएगा मंत्री ने बताया कि वन अधिनियम के तहत लाभुक को सरकार के द्वारा जमीन उपलब्ध कराया जाएगा।



वही मंत्री ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की क्षेत्र में जरूरत व प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन कर विकास में गति दे। उसके उपरान्त राज्य के श्रम मंत्री ने दिवंगत रॉकी वर्मा के पीड़ित परिजनों से मिलकर ढाढस बँधाया व मौके पर पुलिस प्रशासन को निष्पक्ष रूप से जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव,मुखिया मनोज कुमार साहू, मुखिया अनिता देवी,कुन्दा सांसद प्रतिनिधी जितेंद्र यादव,राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव,बिससूत्री प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव भोक्ता,प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती,समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव,कनीय अभियंता धनन्जय ओझा,सुधीर यादव,चन्द्रिका यादव,समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर लगाने को लेकर सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने किया निरसा स्वास्थ्य केंद्र में बैठक

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

निरसा -- समर्पण एक नेक पहल संस्था द्वारा एक बैठक कर रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया । जिसमे संस्था द्वारा चिकित्सा प्रभारी /रक्त अधिकोष अधीक्षक, रक्त अधिकोष एस एन एम एम सी एच धनबाद को एक आवेदन के माध्यम से यह बताया की जिले के सभी ब्लैड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए, समाजसेवी स्व महेश पाल की पुण्यतिथि को आठ नवंबर को रक्त दान शिविर लगाना चाह रही है ताकि थेलिसिमिया एवं हर जरूरतमंद मरीज को रक्त मिल सके,



समर्पण एक नेक पहल संस्था द्वारा आए दिन जरूरत मंद मरीज को रक्त के कमी को दूर करने का कार्य करती है। कई मरीज को इस संस्था के माध्यम से फायदा पहुंचा है। केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान केंद्रीय प्रवक्ता रिंकू भट्टाचार्य निरसा अध्यक्ष श्रवण दास संरक्षक मनोज मंडल उपाध्यक्ष अरूप मुखर्जी जिला उपाध्यक्ष तपेश्वर चौहान मीडिया पप्पू मंडल मीडिया राजू सिंह मीडिया पप्पू केवट मीडिया किशोर तिवारी सचिव धर्मेंद्र चौहान सुमिता बरनवाल हर्ष बरनवाल इत्यादि मौजूद थे '

# इंस्पायर अवार्ड - मानक 2022 के लिए चुना गया संत मैथ्यूज हाई स्कूल, राजगंज का छात्र रवि कुमार मंडल।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

राजगंजः संत मैथ्यूज हाई स्कूल ने हमेशा नियमित रूप से शिक्षाविदो की जानकारी या प्रचुर विचारो का प्रदर्शन करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा दिया और प्रचार किया है इसी तरह के संदर्भ में स्कूल प्रधानाचार्य राहुल कुमार दे ने बताया कि यह गर्व की बात की डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की तरफ से संत मैथ्यूज हाई स्कूल कक्षा आठवीं के छात्र रवि कुमार मंडल पुत्र ( बादल कुमार मंडल और अदौरी देवी) को इंस्पायर अवार्ड मानक 2022 के लिए धनबाद जिले से चुना गया है जो की इंस्पायर अवार्ड मानक 2022 के लिए धनराशि रु 10,000 /- 2022-23 वर्ष के लिए विज्ञान परियोजना/मॉडल की तैयारी के लिए और जिला स्तर की प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिताओ ( डीएलईपीसी) में भाग लेने के लिए 2022 में जिला शिक्षा प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया रवि ने किट मारने वाला कूड़ेदान नामक उपकरण जो कि न्यूनतम उपकरणों की मदद से खुले कूड़ेदानो के साथ साथ बंद कूड़ेदानों में भी बहुत सारे कीड़े/मकोड़े मंडराते रहते हैं रवि का विचार है कि यदि कूड़ेदान के शीर्ष पर एक बग जैपर लगा दिया जाए, तो कीटाणुओ को फैलने से रोककर ऐसे सभी कीड़ों को तुरंत मारा जा सकता हैं।

# किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के परिणाम का प्रकाशन, 07 से 30 नवम्बर तक प्रतिबंधित रहेगा

रायसेन, 06 नवम्बर 2023 मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 07 नवम्बर की सुबह 7 बजे से 30 नवम्बर की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।
भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुमार्ने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# कानपुर में मरीज की मौत पर परिजनों का अस्पताल हंगामा

**-कंपाउण्डर द्वारा इंजेक्शन लगाते ही निकल गई मरीज की जान**

**-अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप,**

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां इलाज में लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप एक युवा मरीज की असमय ही मौत हो गई इसके विरोध में उसके परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा भी किया। इस बीच सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बड़ी मुश्किल से समझा बूझकर शांत कराया। साथ ही इस मामले में कार्रवाई किए जाने का भी भरोसा परिजनों को दिया है। घटना को लेकर उनमें जबरदस्त रो। भी व्याप्त है। यह घटना चकेरी थाना क्षेत्र के हरजिंदर नगर इलाके की है।
यहां खान नर्सिंग अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई।मरीज की मौत होते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा मच गया, हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज मौत के कारणों का पता लगा रही है।जानकारी के मुताबिक परिजन राजरानी बताए की उसके बेटे विक्की गहरा को देर शाम अचानक उल्टी होने लगी।हालत ज्यादा खराब होने पर परिजनों ने हरजेन्द्र नगर के खान अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कंपाउंडर ने इंजेक्शन लगाया जिसके लगाते ही युवक मौत हो गई। इस घटना के विरोध में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में नगर में किया जा रहा व्यापक जनसंपर्क, प्रचार प्रसार ने पकड़ा जोर

*मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर भाजपा नेता एवं महिला कार्यकर्ता मांग रहे वोट, मिल रहा जन समर्थन*

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के प्रचार प्रसार ने अब तेज गति पकड़ ली है,



प्रतिदिन नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और जिम्मेदार कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर उनसे वोट मांग रहे हैं इस दौरान उन्हें अच्छा समर्थन लोगों का मिल रहा है अभी तक नगर में वार्ड क्रमांक 1 2 3 4 और 5 6 नंबर वार्ड में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा जनसंपर्क कर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई है इसी क्रम में सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक 8 के मतदाताओं के घर-घर जाकर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने लोगों से अपील करते हुए वोट मांगे इस दौरान नगर जनसंपर्क अभियान में जनसंपर्क करने वाले भाजपा नेताओं में नगर चुनाव प्रभारी धीरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना सेन, कन्हैया लाल सूरमा, बृजेश चतुवेर्दी, बबलू ठाकुर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, बंटी महेश्वरी, राजेश पंथी, आदित्य शर्मा, कैलाश ठाकुर, बृज बिहारी मिश्रा, मोहन चक्रवर्ती, भूपेंद्र कांकेर, अखिलेश सोनी, अंशुल शर्मा,भुवनेश्वर कुशवाहा सहित भाजपा के अनेक कार्यकताओं ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में सगन घर-घर जनसंपर्क करते हुए आम जन से वोट मांगे एवं आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान अधिक से अधिक लोगों से वोट डालने की अपील की।

**भाजपा की महिला कार्यकताओं द्वारा भी घर-घर जाकर किया जा रहा जनसंपर्क,,**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान को देखते हुए सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में इस समय जहां भाजपा नेता और कार्यकर्ता चुनाव प्रचार प्रसार के लिए पूरी कमर कसकर घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा की महिला नेत्री और भाजपा महिला कार्यकर्ता भी नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर लोगों के घर-घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के लिए वोट मांग रही है इस दौरान नगर में आम जनता के लोगों का भारी जन समर्थन मिल रहा है इस समय शहर में भाजपा कार्यकताओं एवं महिला कार्यकताओं द्वारा अलग-अलग तोलिया बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर तेज गति के साथ जनसंख्या जा रहा है। महिला कार्यकताओं में नमिता लोधी, हेमलता रघुवंशी, सिया बाई, पूनम धाकड़, तुलसा बाई, देवकी, ताराबाई, रामप्यारी, गीता बाई, सुमन, राम सखी, सुंदर बाई, शशि शर्मा, नरवदी बाई, हल्की बाई आदि महिला कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों से जिन संपर्क किया गया और डॉक्टर चौधरी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील नगर के मतदाताओं से की गई।

# पार्टी विरोधी गतिविधि के चलते कांग्रेस नेत्री केसर बिसेन एवं सागर कठोते को किया गया निष्कासित

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(07 नवम्बर )विधानसभा चुनाव में भाजपा एवं कांग्रेस ने जैसे जैसे अपने उम्मीदवारों की घोषणा की वैसे वैसे दोनों पार्टियों में बगावत भी शुरू हो गया जिसमे भाजपा ने तो अपनों को मनाने में कामयाब हो गयी लेकिन कांग्रेस के बागी नेता वरिष्ठ नेताओं से बात करने तक के लिए राजी नहीं हुए और पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने तक का फैसला कर डाला जिसमे कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन प्रमुख हैं जो पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं जिन्हे पार्टी ने छः वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया हैं।केशर बिसेन कटंगी से निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं जो कांग्रेस को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसके पहले पार्टी ने केशर बिसेन के पुत्र आशुतोष बिसेन को मध्यप्रदेश कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के चेयरमैन के पद से निकाल दिया था अब पार्टी ने बगावत कर




निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली केशर बिसेन को भी पार्टी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया हैं जिससे केशर बिसेन के ऊपर कोई खास असर पड़ने वाला नहीं हैं क्यों कि केशर बिसेन ने कटंगी में अपनी एक अलग पहचान रखती है जिसके दम पर वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इनके साथ ही कांग्रेस ने एनएसयूआई के मौजूदा जिलाध्यक्ष सागर कठोते को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया हैं जो अभी हाल में ही जिलाध्यक्ष बने थे, लेकिन पार्टी ने इन्हे भी केशर बिसेन का साथ देने एवं कांग्रेस के प्रत्याशी के खिलाफ कार्य करने के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। हालांकि कांग्रेस के द्वारा लिए गए फैसले से उक्त दोनों नेताओं को कोई खास फर्क पड़ने वाला नहीं हैं क्यों कि दोनों नेताओं का अपना अपना वोट बैंक हैं जो कांग्रेस प्रत्याशी को सबक सिखाने के लिए काफी हैं।

# सरकार चलाने की कला सिर्फ भाजपा के ही पास, मोदी के नेतृत्व में ताकतवर बना देश: राजनाथ सिंह

रायसेन। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकारें हैं आप वहां जाकर देखिए क्या हालत है विकास तो दूर, इन राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलना भी मुश्किल हो जाता है, लेकिन भाजपा शासित राज्यों में ऐसी कोई शिकायत नहीं मिलती वहां खुशहाली और विकास है, देश में सरकार चलाने की कला सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के पास है। ऊक्त आशय के विचार केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भोजपुर विधानसभा के सतला पुर में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा के समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं, आप दोनों पार्टियों से वाकिफ हैं और उनके नेताओं को भी जानते हैं भारतीय जनता पार्टी के लिए जनता जनार्दन होती है, लेकिन कांग्रेस के लिए एक परिवार ही जनार्दन है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के लिए जनता की सेवा ही पुनीत कर्त्तव्य है और यही भाजपा-कांग्रेस मे सबसे बड़ा अंतर है उन्होंने कहा कि आजादी के बाद 52-54 सालों तक मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रही, लेकिन कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया था। 2003 में भाजपा की सरकार बनी और पिछले 17-18 सालों में भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर विकास की ओर बढ़ा है। श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार शानदार तरीके से काम कर रही है और उन्होंने जितनी योजनाएं प्रदेश में हर वर्ग के कल्याण के लिए लागू की हैं, उतनी योजनाएं देश के किसी प्रदेश में लागू नहीं की गई। आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा ने जनसभा में मौजूद लोगों से उन्हें भरपूर समर्थन कर आशीर्वाद देने का आग्रह किया। जनसभा में जनसभा में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता सहित आम जनता के लोग मौजूद रहे।

# सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में प्रचार करने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी आदिवासी जनता के बीच पहुंचे

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते सांची विधानसभा क्षेत्र के गैरतगंज तहसील क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम गढ़ी कस्बा क्षेत्र के ग्राम वसादेही सुर्यवरू देहरी आदिवासी अंचल क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी ग्रामीण जनता के बीच पहुंचे और उन्होंने यहां से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में ग्रामीण जनों को अधिक से अधिक मत देकर आशीर्वाद देने का आग्रह किया इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा जी ने ग्रामीण जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी वर्ग विशेष के लोगों के लिए कई व्यापक कार्य योजना बनाकर उनकी भलाई के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले आदिवासी भाईयो को मिल रहा है कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार में आदिवासी वर्ग के लोगों को जितना सम्मान मिल रहा है उतना किसी राजनीतिक दल में नहीं है आज के दौर में हमारे भारत देश की प्रथम महिला और राष्ट्रपति भी आदिवासी वर्ग से ही हैं भारतीय



जनता पार्टी आदिवासी वर्ग विशेष के लिए अनेक प्रकार की कार्य योजना बनाकर उनके जीवन स्तर को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है उन्होंने सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को अधिक से अधिक मतों से विजई बनाकर मध्य प्रदेश विधानसभा में पहुंचने की अपील की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा जी के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, देव नगर मंडल अध्यक्ष अमन सक्सैना, रौनक चौधरी, गोविंद महाराज, श्री चौरसिया,जीतू ठाकुर, सहित भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वामी विवेकानंद शास.कॉलेज में फैसिलिटेशन सेंटर का किया निरीक्षण

*निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान*

रायसेन। मप्र विधानसभा निर्वाचन के संदर्भ में सांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण स्थल स्वामी विवेकानंद शास.महाविद्यालय रायसेन में निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों के मतदान के लिए बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर का जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने फैसिलिटी सेंटर में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु बनाए गए काउंटर्स पर पहुंचकर जानकारी लेते हुए मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर की आकर्षक रूप से साज-सज्जा की गई। मतदान करने हेतु आने वाले निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही पोस्टल बैलेट से मतदान में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो, इसके लिए अलग-अलग भी काउंटर बनाए गए। जहां मतदान प्रक्रिया हेतु आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कराई गई। इस दौरान सांची विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम मुकेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र का इतिहास और प्रक्रिया बताने वाली

**समाज जागरण शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(07 नवम्बर )भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इन दिनों नगर में केंद्रीय संचार ब्यूरों भोपाल और स्थानीय क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शनी का समापन शनिवार 4 नवम्बर को किया गया। समापन के दौरान बालाघाट आरओ गोपाल सोनी ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में मल्टीमीडिया चित्रों के माध्यम से देश के लोकतंत्र का इतिहास सुगमता और सुंदरता के साथ प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शनी के समन्वयक श्री अजय बैस ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रदर्शनी में करीबन 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओ और अन्य



नागरिकों ने विजिट किया। इस प्रदर्शनी में अब तक हुये निर्वाचनों के फोटो प्रदर्शित किये गए थे जिन्हे विजिट करने वाले लोगो ने बड़ा पसंद किया। प्रदर्शनी के दौरान रंगोली, मेहंदी, नृत्य, संगीत, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला सहित अनेक गतिविधियॉ आयोजित कर मतदाता जागरूकता के कार्य किये गए। समापन अवसर पर प्राचार्य राजलक्ष्मी नायडू, सीएम राईज स्कूल के प्राचार्य श्री युवराज रहांगडाले, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्री पीके जैन, वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री दत्ता भावस्कर, जिला पंचायत के श्री रवि पालेवार, जन अभियान परिषद के जिला समन्वय सुनिल बरमन, नेहरू युवा केंद्र के सीआर जंघेला उपस्थित थे।

# मतदान दलों का सघन प्रशिक्षण बुधवार से शुरू,अधिकारियों की बैठक लेकर दिए गए निर्देश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(07 नवम्बर )जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विधानसभा निर्वाचन कार्य से संबंधित नोडल अधिकारियों और आरओ रिटनिंग अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न तरह के प्रशिक्षण से लेकर मतदान दलों के मतदान पश्चात लौटने तक होने वाले सभी कार्यो की समीक्षा की। मतदान सामग्री के संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाले और बालाघाट आरओ श्री गोपाल सोनी को निर्देश दिये कि बसों की इस तरह से व्यवस्था रखी जाये ताकि मतदान दलों को बसों तक पहुंचने में किसी तरह की समस्या न आए। डीईओ डॉ. मिश्रा ने पिंक बुथ और पीडब्ल्यूडी बुथ पर मतदान कराने वाले दलों की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा करने के निर्देश दिये है। सभी विधानसभा मुख्यालय पर यह व्यवस्था की जायेगी। विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान दलों का प्रशिक्षण बुधवार से प्रारंभ होगा। विधानसभा स्तर पर होने वाले यह प्रशिक्षण दो दिवसीय होगे जबकि 10 नवम्बर को माईक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण होंगे। डाक मतपत्रों द्वारा होने वाले मतदान कार्य के समीक्षा करते हुये कहा कि चलित मतदान केंद्र तक पहुंचने वाले दलों को प्रॉपर ब्रिफिंग की जाये ताकि मतदान कराने में किसी प्रकार की समस्या न हो। सभी दल आरओ कार्यालय से एक साथ रवाना होंगे। साथ ही उन्होंने मतदान दलों को सुविधाजनक रूप से सामग्री वितरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री डीएस रणदा, एडीएम श्री ओपी सनोडिया, उन जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, आरओ श्री गोपाल सोनी सहित समस्त जिला अधिकारी व नोडल अधिकारी सभागृह में तथा अनुभागीय स्तर का अमला वीसी के माध्यम से जुड़ा।

# कांग्रेस को आश ,इस बार समाप्त होगा जैतपुर का बनवास

**समाज जागरण ब्यूरो**

शहडोल। शहडोल जिले का जैतपुर विधानसभा सीट जोकि कोयलांचल क्षेत्र से लगा हुआ है और इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी, नगर परिषद बुढार नगर परिषद बकहो सहित सैकड़ो गांव आते हैं और बुढार एवं सुहागपुर ब्लॉक के कई गांव इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हैं यह क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र से लगा हुआ है। परिसीमन के बाद 2008 में जैतपुर विधानसभा का गठन हुआ और अनुसूचित जनजाति के लिए यह सीट आरक्षित हुआ 2008 से लेकर अभी तक इस विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को ही विजय मिली है 2008 में भाजपा प्रत्याशी जय सिंह मरावी, 2013 में भाजपा प्रत्याशी जय सिंह मरावी एवं 2018 में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह ने जीत दर्ज की। भाजपा का घर रही इस सीट से पार्टी ने जयसिंहनगर क्षेत्र के विधायक जय सिंह मरावी का क्षेत्र बदलकर इस विधानसभा क्षेत्र पर भरोसा जताया है जो की पूर्व में दो बार इस विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। वहीं तमाम विरोधों के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती उमा धुर्वे को मैदान में भेजा है , धुर्वे वर्ष 2018 में भी कांग्रेस की प्रत्याशी रही है और वह 3900 मतों से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनीषा सिंह से पराजित हुई थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी में जमकर टक्कर दिखाई दे रहा है। जहां भारतीय जनता पार्टी लगातार चौथी बार विधानसभा क्षेत्र में कब्जा करने के लिए प्रयासरत है वहीं कांग्रेस पार्टी को आस है कि इस बार जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में वनवास समाप्त हो जाएगा।विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका धनपुरी क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के हनुमान खंडेलवाल प्रचार प्रसार का प्रमुख जिम्मा उठाने हुए हैं तो वहीं भारतीय जनता पार्टी से संगठन के नेता प्रयासरत हैं। सूत्रों की माने तो नवगठित नगर परिषद बकहो में सेक्टर प्रभारियों की घोषणा के बाद असंतोष की लहर भी देखने को मिली थी लेकिन बाद में यह असंतोष थम सा गया। इस नगर परिषद में भारतीय जनता पार्टी दो खेमे में बटी हुई है जिसका असर भी चुनाव में देखा जा सकता है। वहीं कांग्रेस पार्टी में बुढार नगर परिषद के नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव हार चुके दो नेता प्रमुख भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। हालांकि दोनों पार्टी के वरिष्ठ एकजुटता का राग अलाप रहे हैं।

# चिलावाहा में पीले चावल देकर मतदाताओं को किया आमंत्रित, पिपलई में भरवाए गए संकल्प पत्र

रायसेन, 06 नवम्बर 2023 विधानसभा निर्वाचन-2023 में रायसेन जिले में अधिक से अधिक मतदान हो, सभी मतदाताओं की लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी हो इसके लिए मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सांची विकासखण्ड के ग्राम पिपलई में ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताते हुए 17 नवम्बर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही संकल्प पत्र भी भरवाए गए। इसी प्रकार सांची विकासखण्ड के ग्राम चिलवाहा में घर-घर जाकर पीले चावल देते हुए मतदाताओं को आगामी 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र आकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

# भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में किया जा रहा भाजपा नेता कार्यकताओं द्वारा प्रचार प्रसार

*मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर भाजपा नेताओं ने मांगे वोट, मिल रहा जन समर्थन*

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के प्रचार प्रसार ने अब तेज गति पकड़ ली है प्रतिदिन नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और जिम्मेदार कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर उनसे वोट मांग रहे हैं इस दौरान उन्हें



अच्छा समर्थन लोगों का मिल रहा है अभी तक नगर में वार्ड क्रमांक 1 2 3 4 और 5 6 नंबर वार्ड में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा जनसंपर्क कर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई है इसी क्रम में सोमवार को नगर के वार्ड क्रमांक 8 के मतदाताओं के घर-घर जाकर भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने लोगों से अपील करते हुए वोट मांगे इस दौरान नगर जनसंपर्क अभियान में जनसंपर्क करने वाले भाजपा नेताओं में नगर चुनाव प्रभारी धीरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना सेन, बृजेश चतुवेर्दी, बबलू ठाकुर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, राजेश पंथी, आदित्य शर्मा, कैलाश ठाकुर, बृज बिहारी मिश्रा, मोहन चक्रवर्ती, भूपेंद्र कांकेर, अखिलेश सोनी, असल शर्मा,भुवनेश्वर कुशवाहा सहित भाजपा के अनेक कार्यकताओं ने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में सगन घर-घर जनसंपर्क करते हुए आम जन से वोट मांगे एवं आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान अधिक से अधिक लोगों से वोट डालने की अपील की।

# सामंजस्य की कमी... पनप रहा अंसतोष, भाजपा की राह कैसे होगी आसान

**समाज जागरण ब्यूरो**

अनूपपुर। जिले के अनूपपुर विधानसभा में भाजपा की राह इस बार आसान नहीं नजर आ रही है। एक तरफ जहां पार्टी ने इस सीट से दिग्गज मानें जानें वाले अपने पुरानें विधायक को प्रत्यासी बनाकर पार्टी सहित क्षेत्र में उपजे तमाम असंतोष पर विराम लगानें को सोचा है, वहीं दूसरी तरफ इस क्षेत्र से ऐसी तमाम विसंगतियां सामने आ रही है जिसे देखकर यह स्पष्ट समझा जा सकता है कि पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं है। दरअसल बीते दिनों नवगठित नगर परिषद में भाजपा द्वारा चुनाव की कमान संभालने को लेकर एक सूची जारी की गई थी लेकिनइस सूची के जारी होने के पीछे के राजनीतिक लाभ या हानि को तो पार्टी और संगठन के मुखिया ही बेहतर समझ सकते हैं लेकिन इन दोनों सूचियों के सामने आने के बाद एक तरफ जहां भाजपा में चरम पर गुटबाजी की बात सामने आनें लगी है वहीं तमाम असंतोष भी देखनें को मिल रहा है। जानकार बताते हैं कि इन सूचियों के सामने आने के बाद नगर परिषद में कई भाजपाइयों ने सोशल मीडिया पर असंतोष भी जाता दिया है। सोशल मीडिया में भाजपा कार्यकताओं के बीच ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी चला। दरअसल विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर प्रभारियों को नियुक्त किया गया है, और यहीं से है। राजनीति को गमानें के साथ कई सवाल खड़े हो रहे हैं, दरअसल जो सेक्टर प्रभारियों की सूची बनाई गई है उसे सूची में भाजपा ग्रामीण मंडल के किसी भी पदाधिकारी को स्थान नहीं दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी अधिकांश बार नवगठित नगर परिषद एवं जिला पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में लीड करती रही है लेकिन इस बार भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में काफी टक्कर भी देखने को मिल रही है। सूत्रों की माने तो जिला पंचायत क्षेत्र वार्ड क्रमांक 3 ,4 एवं 5 में कुछ प्रभावि नेताओं एवं उनके समर्थक इस बार पूरे मनोयोग एवं मेहनत से नए प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं। ऐसे में इस पूरे क्षेत्र से भाजपा कैसे जनाधार जुटा पाने में कामयाब होगी इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# सुधरने के बजाए बिगड़ते जा रही कोतमा की यातायात व्यवस्था

कोतमा। कोतमा नगर धीरे-धीरे बढ़ रहा है आबादी बढ़ने के साथ ही दो पहिया चार पहिया वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है लेकिन विकास के नाम पर नगर आज भी फिसड्डी दिखाई दे रहा है। यातायात की लचर व्यवस्था, नो इंट्री के आदेश का उल्लंघन और फुटपाथी दुकानों के साथ अतिक्रमण से शहर में जाम की समस्या गंभीर हो गयी है। रविवार सप्ताहिक बाजार को भी शहर के विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक जाम रहने से लोग दिनभर परेशान रहते हैं। नगर में जगह-जगह जाम की समस्या के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांधी चौक से आजाद चौक मार्ग देवी जी मार्ग स्टेशन रोड सब्जी मंडी तक भीषण जाम के कारण लोग पैदल ही गंतव्य तक जाने को मजबूर रहते है। दिन में कई बार प्रमुख सड़कें जाम से पटी रहती हैं। वाहनों की कतार लगी रहती है। हालत यह हो जाता है कि पैदल भी निकलना दूभर हो जाता है। 20 फीट की सड़क सिकुड़कर हुई आधी नगर में यातायात व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। हालात सुधरेंगे भी कैसे, जब आधी सड़क पर ही अवैध पार्किंग कर दी जाएगी। इससे भी चिंताजनक स्थिति यह है कि ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी नहीं है। बस स्टैंड से लेकर गांधी चौक तक मुख्य सड़क पर ही गाड़ी या बाइक खड़ा करना लोग अपना अधिकार समझ रहे हैं।

# ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण निरंतर जारी

शहडोल
जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत करकी मे ग्रामीणों के द्वारा शासकीय भवन हॉट बाजार,आयुर्वेदिक औषधालय, और पड़ाव डालने, के निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि पर अवैध कब्जा करके पक्का निर्माण किया जा रहा है है लेकिन प्रशासन कुंभकरण की नींद सो रहा है.
ग्राम पंचायत करकी में शासकीय भूमि आराजी नंबर 1539/1/1 मे पड़ाव डालने के लिए 0.101 हे. हॉट बाजार के लिए 0.202 हे. आयुर्वेदिक औषधालय के लिए 0.202 हे. जमीन मध्यप्रदेश शासन के द्वारा ग्राम पंचायत के लिए आरक्षित की गयी है लेकिन कुछ ग्रामीणों के द्वारा उस शासकीय भवन निर्माण के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध अतिक्रमण करके पक्का निर्माण किया जा रहा है जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायत मे दी गयी है
यह शासकीय भूमि ग्राम पंचायत के लिए बेहद ही जन उपयोगी है अगर प्रशासन आज इस शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को नहीं रोका गया तो आने वाले समय मे यदि ग्राम पंचायत मे कोई भी शासकीय भवन निर्माण के लिए आता है तो ग्राम पंचायत के पास कोई भी शासकीय भूमि नहीं बचेगी जिससे ग्राम पंचायत का विकाश वाधित होगा जो की सभी ग्रामवाशियों के लिए नुकसानदेह होगा अब देखने वाली बात यह होंगी की क्या प्रशासन इस अवैध निर्माण को रोक पाता है या नहीं

इनका क्या कहना है

इस विषय मे जब ग्राम पंचायत के सचिव सुरेन्द्र सोनी से बात की गयी तो उनका कहना था की प्राप्त आवेदन के आधार पर हमारे द्वारा पटवारी को वस्तुस्थिति की जानकारी देकर के उनके साथ मौका पंचनामा करवाया गया और पटवारी के द्वारा उस मौका पंचनामा को अग्रिम कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जायेगा